You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-137 ❒ बुधवार, 17 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



युवाओं का दृढ़ संकल्प, नवोन्मेषी सोच और नेतृत्व क्षमता 2047 के भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आने वाले वर्षों में भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार में विश्व का नेतृत्व करेंगे। ओम बिरला

अल-नीनो से निपटने की रणनीति, हर हफ्ते होगी बैठक : शिवराज 11

पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय शिक्षण संस्थाओं ने मचाई धूम 12

## संक्षेप

### सोने-चांदी पर फिर बढ़ा आयात शुल्क

**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए एक बार फिर केंद्र सरकार ने सोना-चांदी के आधार आयात शुल्क में बढ़ोतरी कर दी। सोने के आयात शुल्क में पांच डॉलर प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की अधिसूचना के मुताबिक, इस बढ़ोतरी के बाद सोने का आधार आयात शुल्क बढ़कर 1,348 डॉलर प्रति 10 ग्राम हो गया हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में सबसे बड़ा उछाल देखा गया। चांदी का आधार आयात मूल्य 83 डॉलर प्रति किलोग्राम (करीब 4%) बढ़ाकर 2,175 डॉलर प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि महज तीन दिन पहले ही सरकार ने सोने की कीमत में 80 डॉलर और चांदी में 276 डॉलर की कटौती की थी, लेकिन बदलते आर्थिक हालातों को देखते हुए सरकार ने अपने फैसला को बदल दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का यह कदम विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए उठाया गया है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पांच जून तक देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 711 मिलियन डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रह गया है। इसका मुख्य कारण विदेशी मुद्रा संपत्ति में आई 2.70 अरब डॉलर की गिरावट है। हालांकि, इस दौरान आरबीआई के पास मौजूद स्वर्ण भंडार की कीमत 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 114.58 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जनगणना का पहला चरण पूरा हुआ

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत मकानों की स्व-गणना की अवधि पूरी होने के बाद जनगणनाकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर गणना का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया और यह 15 जुलाई तक चलेगा। दूसरी ओर केरल और नागालैंड में स्व-गणना सुविधा मंगलवार से शुरू हो गयी जो 30 जून तक चलेगी। इन राज्यों में जनगणनाकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की गणना का कार्य 1 जुलाई से 30 जुलाई तक किया जायेगा। अभी गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी तथा उत्तर प्रदेश में घर-घर जाकर मकानों की गणना का कार्य चल रहा है। इस बीच 16 मई से 14 जून के दौरान महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान एवं झारखंड राज्यों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) क्षेत्र में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। पंजाब में भी यह कार्य 13 जून को सम्पन्न हो गया। अब तक 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है।

# टेलीग्राम एप पर अस्थायी प्रतिबंध

❒ 22 जून तक अस्थायी रोक, संदेश-संपादन सुविधा 30 जून तक बंद रहेगी

❒ नीट परीक्षा को लेकर अफवाहों, फर्जी प्रश्नपत्र लीक दावों और परीक्षा धोखाधड़ी पर रोक लगाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनर्परीक्षा के मद्देनजर इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी पाबंदी लगा दी है। यह कदम राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मैटी) ने उठाया है।

सरकार के इस निर्णय के बाद कोई भी उपभोक्ता 22 जून तक इस ऐप का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। इसके अलावा 30 जून तक टेलीग्राम पर किसी मैसेज को एडिट भी नहीं कर पाएंगे। एनटीए ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि धोखाधड़ी करने वाले गिरोह कथित तौर पर नीट उम्मीदवारों को ठगने के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करते थे और पेपर लीक होने के झूठे दावे करते थे। एनटीए के अनुसार भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने एनटीए और राज्य पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर कई टेलीग्राम चैनलों, ग्रुप्स और बॉट्स को बंद करवाने में मदद की है।

एनटीए ने बताया है कि एक-एक करके चैनलों पर कार्रवाई करने से भी खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होने पर प्लेटफ़ॉर्म-स्तर पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। एनटीए के मुताबिक 'पेपर लीक' और 'री-एग्जाम 2026' जैसे नामों वाले चैनलों ने कथित तौर पर नकली पेपर के लिए उम्मीदवारों से हज़ारों से लेकर लाखों रुपये की मांग की। एनटीए ने दावा किया है कि टेलीग्राम के एडिटिंग फीचर की वजह से एडमिन पुरानी फाइलों को बदलकर उनकी जगह नयी फाइलें डाल सकते थे, जबकि ओरिजिनल टाइमस्टैम्प वही रहता था। इस वजह से परीक्षा के बाद गुमराह करने वाले सबूत बन जाते थे।

एनटीए ने कहा है कि इस निर्णय से असली उपभोक्ता भी प्रभावित होंगे लेकिन यह सिर्फ परीक्षा की अवधि तक ही लागू रहेगी और इसका मकसद परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना है। एनटीए ने इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को भरोसा दिलाया है कि 21 जून 2026 को होने वाली पुनर्परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। इसके साथ ही एनटीए ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे सिर्फ एनटीए की आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### एनटीए ने टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध का स्वागत किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) 2026 की पुनर्परीक्षा को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध का स्वागत किया है। एनटीए ने मंगलवार को बताया इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम की भारत में पहुंच को 22 जून तक सीमित करने का निर्देश दिया है। साथ ही 30 जून तक प्लेटफॉर्म पर पहले से पोस्ट किये गये संदेशों के संपादन (मैसेज एडिटिंग) फीचर को भी निष्क्रिय करने के निर्देश दिये गये हैं। एनटीए ने कहा कि यह कार्रवाई उन संगठित गिरोहों के खिलाफ की गई है जो टेलीग्राम के माध्यम से नीट पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के झूठे दावे कर अभ्यर्थियों और उनके परिवारों से ठगी कर रहे थे। एजेंसी ने बताया कि गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी), विभिन्न राज्यों की पुलिस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से ऐसे कई चैनलों, समूहों और बॉट्स पर लगातार कार्रवाई की गई, जो फर्जी और भ्रामक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। एनटीए और उच्च शिक्षा विभाग ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि केवल अलग-अलग चैनलों को हटाने की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके बाद प्लेटफॉर्म स्तर पर सीमित और समयबद्ध प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। एनटीए ने स्पष्ट किया कि यह कदम अंतिम उपाय के रूप में उठाया गया है और इसका उद्देश्य केवल परीक्षा अवधि के दौरान सार्वजनिक व्यवस्था तथा परीक्षा ● शेष पेज 11 पर

# कफ सीरप की बिक्री डॉक्टर के पर्चे पर अब सिर्फ मेडिकल स्टोर से होगी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कफ सीरप की बिक्री के नियमों को सख्त कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक कफ सीरप की बिक्री बिना मेडिकल स्टोर और डॉक्टर के पर्चे के बगैर होती थी, लेकिन अब सरकार ने इस प्रावधान को खत्म कर दिया है। लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर से ही कफ सीरप की बिक्री होगी, जिसके लिए डॉक्टर का पर्चा लाना भी अनिवार्य होगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बाबत जारी एक अधिसूचना में कहा कि कफ सीरप को औषधि नियम 1945 के तहत अनुसूची से हटाने का फैसला लिया गया है। अनुसूची में यह प्रावधान किया गया है कि एक हजार से कम आबादी वाले गांवों में सीरप समेत कुछ अन्य जरूरी दवाओं की बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर की आवश्यकता नहीं है। यानी सामान्य दुकानों में भी इन्हें बेचा जा रहा था, लेकिन अब अनुसूची से सीरप शब्द को हटा दिया गया है। इस अनुसूची के तहत कफ सीरप की ब्रिकी हो रही थी, जो अब नहीं हो सकेगी। हालांकि कुछ अन्य दवाओं की बिक्री पहले की तरह जारी रहेगी। सरकार द्वारा यह कदम पिछले साल दिसंबर में जारी एक मसौदा अधिसूचना के बाद उठाया गया है, जिसके जरिये हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे। बता दें कि कफ सीरप को अनुसूची एच एवं एच-1 के तहत रखा गया है। अनुसूची एच के तहत दवा खरीदने के लिए पर्चे की आवश्यकता होती है। जबकि कोडीन युक्त कफ सीरप को अनुसूची एच-1 में रखा गया है, जिसमें केमिस्ट को बिक्री का भी रिकॉर्ड रखना होता है, लेकिन अनुसूची के प्रावधानों के तहत छोटे गांवों में कप सीरप खुलेआम बिक रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि कहा कि दवाओं से जुड़े तकनीकी मामलों पर देश ● शेष पेज 11 पर

### बीएड की प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ की वंदना सिंह ने टॉप किया

लखनऊ। बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। प्रवेश परीक्षा में 400506 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे और इसमें से 400107 अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए अर्ह घोषित किया गया है। प्रवेश परीक्षा में शामिल 99.9 प्रतिशत अभ्यर्थियों को रैंक जारी की गई है। अलीगढ़ की वंदना सिंह ने 400 में से 359.32 अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया है। टॉप टेन की मेरिट सूची में छह लड़कियां व चार लड़के शामिल हैं। फिर एक बार बेटियों ने अपना दबदबा दिखाया है। अभ्यर्थी बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम वेबसाइट www.bujhansi.ac.in पर देख सकते हैं। मंगलवार को ● शेष पेज 11 पर

# ऑपरेशन टाइगर पर सियासी घमासान, सात सांसद हमारे संपर्क में : शिंदे गुट

❒ शिवसेना (यूबीटी) गुट ने अफवाह बताया -एमएलसी बोले, बातचीत अंतिम चरण में

एजेंसी



मुंबई/नई दिल्ली । महाराष्ट्र की राजनीति में कथित 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। एकनाथ शिंदे गुट के नेताओं का दावा है कि शिवसेना (यूबीटी) के कई सांसद उनके संपर्क में हैं, जबकि उद्धव ठाकरे गुट ने इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

शिवसेना के विधान परिषद सदस्य कृपाल तुमाने ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के सात सांसदों के साथ बातचीत अंतिम ● शेष पेज 11 पर

# मोदी को मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च राजकीय सम्मान द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस, फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया है।

स्लोवाकिया की तीन दिन की यात्रा पर गए श्री मोदी को राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने सोमवार रात एक विशेष समारोह में स्लोवाकिया के सर्वोच्च राजकीय सम्मान, द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस, फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने इस विशिष्ट सम्मान के लिए राष्ट्रपति, स्लोवाकिया की सरकार और जनता के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। सम्मान स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत के 1.4 अरब लोगों तथा भारत और स्लोवाकिया के बीच स्थायी मैत्री संबंधों को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत और स्लोवाकिया के लोगों को जोड़ने वाली आत्मीयता, विश्वास और स्नेह का प्रमाण बताते हुए आशा व्यक्त की कि यह सम्मान दोनों देशों की भावी पीढ़ियों को उनकी विशेष मित्रता को आगे भी सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिलने वाला 33वां अंतरराष्ट्रीय या वैश्विक सम्मान है।

# भवानीपुर चुनाव नतीजे को ममता ने चुनौती दी

एजेंसी



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है।

2026 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को अपने इस पुराने गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। इस अप्रत्याशित हार ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। इस चुनावी नतीजे के बाद से ही टीएमसी खेमे में भारी असंतोष और बेचैनी देखी जा रही है। पहले विधायकों ने और अब सांसदों ने भी बगावत कर दी है। हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका में ममता बनर्जी ने बेहद गंभीर मांगें रखी हैं। कानूनी याचिका के जरिए उन्होंने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के सभी चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। इसमें मतदान से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ईवीएम शामिल हैं। ममता बनर्जी का कहना है कि इन उपकरणों और दस्तावेजों को तुरंत सील किया जाए ताकि इनके साथ कोई छेड़छाड़ या इन्हें नष्ट न किया जा सके। साल 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर मिली करीबी ● शेष पेज 11 पर

### टीएमसी मामले में निर्णय से पहले दोनों पक्षों को सुनेंगे बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अलग हुए सांसदों के समूह को मान्यता देने के मुद्दे पर फैसला करने से पहले उसका और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट, दोनों का पक्ष सुनेंगे। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संसद से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष अलग हुए सांसदों की नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय के बाद अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग पर कानूनी राय ले सकते हैं। इस मांग पर कोई भी निर्णय संसद के मानसून सत्र से पहले लिया जाएगा, जो आमतौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। उन्होंने बताया कि अलग हुए गुट को मान्यता दी जाए या नहीं, इस पर निर्णय केंद्रीय विधि मंत्रालय की लिखित राय के आधार पर लिया जाएगा। मंत्रालय किसी वरिष्ठ विधि अधिकारी से परामर्श के बाद अपनी राय देगा। सूत्रों के अनुसार, कानूनी राय इसलिए ली ● शेष पेज 11 पर



## सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को मिली नई पहचान

# नारी शक्ति बनी विकास की धुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सुरक्षा से लेकर आर्थिक आत्मनिर्भरता तक महिलाओं की बढ़ी भागीदारी
- लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता तक महिलाओं की सशक्त यात्रा
- महिला सशक्तीकरण का 'डबल इंजन मॉडल' बना यूपी की पहचान, सुरक्षा से स्वावलंबन तक बदली तस्वीर

लखनऊ। वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार और 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभूतपूर्व बदलाव आया है।

अधिकारियों का दावा है कि केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित नीतियों से उत्तर प्रदेश आज 'सुरक्षित बेटी, सशक्त महिला एवं आर्थिक सशक्तीकरण' का मॉडल बनकर उभरा है। योगी सरकार ने सत्ता संभालते ही महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन, 1090 महिला हेल्पलाइन को सशक्त करना, हर थाने में महिला हेल्प डेस्क और 'मिशन शक्ति' अभियान ने माहौल बदला। पुलिस भर्ती में महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण देने का असर यह हुआ कि 2017 तक जहां महिला पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 10 हजार थी, वह अब बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। जिलों में महिला बीट पुलिसिंग, पिंक पेट्रोलिंग जैसी व्यवस्थाओं से महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' का सबसे बड़ा लाभार्थी राज्य उत्तर प्रदेश रहा। यहां 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिले। लकड़ी-उपलों से खाना बनाने वाली ग्रामीण महिलाओं को आंख और फ़ेफड़ों की बीमारियों से राहत मिली। समय और श्रम की बचत से महिलाएं अब अन्य आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही हैं। 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के तहत अब तक 27.37 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिला है। जन्म से लेकर शिक्षा तक विभिन्न चरणों में कुल 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का मकसद कन्या भ्रूण हत्या रोकना और बेटियों को बोझ नहीं, शक्ति के रूप में स्थापित करना है। प्रदेश में करीब 1 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और सिलाई-कढ़ाई जैसे कामों से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। 'लखपति दीदी' अभियान को मिशन मोड में लागू कर योगी सरकार ने अब तक 18.55 लाख महिलाओं को लखपति बनाया है।



फाइल फोटो

कौशल विकास, प्रशिक्षण और वित्तीय मदद से महिलाएं अब रोजगार देने वाली शक्ति बन रही हैं। 'मिशन शक्ति' केवल योजना नहीं, सामाजिक परिवर्तन का अभियान बन चुका है। स्कूल-कॉलेज से लेकर पंचायतों तक महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने हक के प्रति सजग हुई हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि 2017 से पहले की तुलना में महिला अपराधों में कमी आई है। 2016 में दहेज हत्या की दर 2.4 थी, जो 2024 में घटकर 1.8 रह गई। अपहरण के मामले 13,014 से घटकर 7,919 हुए और रेप की दर 4.6 से घटकर 2.8 रह गई।

पिछले नौ साल में सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के इस मॉडल ने यूपी की महिलाओं को विकास यात्रा की सहभागी ही नहीं, अग्रणी शक्ति बना दिया है। आज उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास की धुरी बनकर उभर रही है।

# दूसरे दलों ने ओबीसी समाज का चुनावी स्वार्थ के लिए किया उपयोग: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी ( बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को साधने की रणनीति तेज कर दी है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज का वास्तविक हित और कल्याण केवल बसपा सरकार में ही निहित है।

बसपा की ओर से मंगलवार को जारी बयान में यह बात कही गई है। पार्टी सुप्रीमों मायावती ने कहा है कि 2007 में प्रदेश में बसपा की पहली पूर्ण बहुमत सरकार बनाने में ओबीसी समाज का ऐतिहासिक योगदान था। अब 2027 के चुनाव में उस इतिहास को दोहराने के लिए पार्टी जमीनी स्तर पर तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा है कि पिछले कई दिनों से लखनऊ में चल रही बैठकों में ओबीसी जनाधार बढ़ाने और कार्यकलापों की गहन समीक्षा की गई। पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ओबीसी समाज में यह विश्वास और पुख्ता किया जाए कि उनका भला सिर्फ बसपा की कर सकती है। सुश्री मायावती ने बिना नाम लिए विरोधी दलों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां राजनीतिक और चुनावी स्वार्थ के लिए व्यक्तिगत तौर पर किसी को आगे बढ़ा सकती हैं लेकिन ओबीसी के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास के मामले में उनका रवैया संकीर्ण और जातिवादी रहा है।

उन्होंने मंडल आयोग की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि विरोधी दलों ने 27 प्रतिशत आरक्षण का तीव्र विरोध किया और आज भी उसे निष्क्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि बसपा ने अपनी स्थापना के बाद मंडल रिपोर्ट लागू करवाई और सरकार में आने पर ओबीसी समाज को संविधान के अनुरूप आत्म-सम्मान के साथ जीने का हक दिया।

पार्टी की तरफ़ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बसपा सरकार ने महात्मा ज्योतिबा फुले, राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जैसे महापुरुषों को पूरा आदर-सम्मान देकर 'सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति' को मजबूत आधार दिया।

# प्रबंधन की संवादहीनता एवं उत्पीड़न से बिगड़ रहा ऊर्ज़ा निगमों का औद्योगिक वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने पॉवर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन पर संवादहीनता तथा उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां जारी रखने का आरोप लगाया। समिति ने कहा कि प्रबंधन के इस रवैये से ऊर्ज़ा निगमों का औद्योगिक वातावरण लगातार बिगड़ रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव सीधे तौर पर बिजली व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है।

संघर्ष समिति ने राजधानी लखनऊ में समिति कार्यलय में मंगलवार को बैठक की। इस दौरान संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि समय की मांग है कि पॉवर कॉरपोरेशन प्रबंधन अपनी हठधर्मिता त्यागकर संघर्ष समिति के साथ सार्थक संवाद शुरू करे तथा बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस ले। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए स्वस्थ कार्य वातावरण तथा पर्याप्त मानव संसाधन दोनों अनिवार्य हैं। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई अधिकांश उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां निजीकरण के उद्देश्य से प्रेरित हैं। बड़े पैमाने पर 45 प्रतिशत से अधिक संविदा कर्मियों को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी नीति का हिस्सा है। वर्तमान में बिजली व्यवस्था पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव संविदा कर्मियों की भारी संख्या में की गई छंटनी के कारण पड़ा है। इसके अतिरिक्त, सामान्य धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले बिजली कर्मियों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां आज तक वापस नहीं ली गई हैं। जबकि आंदोलन के दौरान ही ऊर्ज़ा मंत्री एवं संघर्ष समिति के मध्य समझौता हो गया था और ऊर्ज़ा मंत्री ने संघर्ष समिति के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाएं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न केवल वे कार्यवाहियां जारी हैं, बल्कि संबंधित कर्मचारियों को कठोर दंड भी दिए जा रहे हैं, जिससे कार्य का वातावरण निरंतर खराब हो रहा है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि जिन मामलों को लेकर कार्रवाई की जा रही है, उनमें आंदोलन के दौरान भी बिजली कर्मियों ने उपभोक्ता सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन किया। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि ऊर्ज़ा मंत्री के निर्देशों एवं समझौते की भावना की उपेक्षा करते हुए बिजली कर्मियों को दंडित करने की कार्रवाई जारी रखी जाती है।

# लखनऊ में फर्जी आईपीएस अफसर पकड़ा गया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात एक फर्जी आईपीएस अफसर पकड़ा गया है। उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

उपनिरीक्षक संतोष कुमार ने मंगलवार को बताया कि यह मामला सोमवार की देर रात गोल मार्केट चौराहे का हैं। यहां एक व्यक्ति आया और चाय की दुकान से चाय और बंद मक्खन खाकर जाने लगा। इसी बीच जब दुकानदार वीरू गुप्ता ने उस व्यक्ति से पैसे मांग तो वह उससे विवाद करने लगा। इसी बीच पीआरवी वाहन वहां पहुंच गई। उस वाहन में उपनिरीक्षक संतोष भी मौजूद थे। पुलिस कर्मियों ने दोनों की बात सुनकर जब उस व्यक्ति से दुकानदार के पैसे देने को कहा तो उसने पुलिसकर्मियों धमकाया कि वह आईपीएस है और इस समय नोएडा में तैनात है। इसके बाद वह पुलिस कर्मियों से कहा कि तुम्हारी कैप कहा है और मुझे सैल्यूट क्यों नहीं किया। इतना बोलने पर पुलिस कर्मियों को शक हुआ और उस व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मड़ियाव के भरतनगर निवासी मिथिलेश शुक्ला बताते हुए कहा कि अभी उसके पास आईडी कार्ड नहीं। मैं घर से लाकर दिखाता हूं। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसे अपने साथ थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की तो वह सैमसेंग सेक्टर 18 नोएडा में अकाउंट एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। उपनिरीक्षक ने बताया कि खुद आईपीएस बताकर पुलिस कर्मियों को धमकाने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाले स्वर्णिम वर्ष : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल योजनाओं और नीतियों से नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच, दृढ़ संकल्प और मजबूत आधारभूत अवसंरचना से होता है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स में जारी पोस्ट में लिखा कि

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास की ऐसी कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाया है, जिसमें परियोजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि तेज गति से धरातल पर उतरकर जन-जन के जीवन में परिवर्तन का माध्यम बनी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'नए भारत' की विकास यात्रा ने देश की आधारभूत संरचना को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। सड़क, रेल, हवाई और ऊर्ज़ा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कार्य आज विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज देश में लगभग 64 लाख किलोमीटर का विशाल सड़क नेटवर्क, 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग, 3,052 किलोमीटर का एक्सप्रेसवे नेटवर्क तथा 36,000 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें भारत की बदलती तस्वीर को दर्शा रही हैं। 99.6 प्रतिशत रेल विद्युतीकरण, 530 गीगावाट से अधिक स्थापित विद्युत क्षमता, 164 हवाई अड्डों का विस्तार तथा उड़ान योजना के अंतर्गत 663 हवाई मार्गों की उपलब्धता यह प्रमाणित करती है कि विकास अब देश के महानगरों से निकलकर गांवों और अंतिम छोर तक पहुंच रहा है।

# रेलवे अस्पताल में शुरू हुआ शिशु आहार कक्ष

## माताओं और शिशुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल ने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंडल चिकित्सालय, वाराणसी में नवस्थापित शिशु आहार कक्ष (बेबी फीडिंग बूथ) का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इस सुविधा से अस्पताल आने वाली माताओं को अपने शिशुओं को स्तनपान कराने और उनकी देखभाल के लिए सुरक्षित, स्वच्छ तथा गोपनीय वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे. चौधुरी के नेतृत्व में स्थापित इस शिशु आहार कक्ष का उद्घाटन मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा वाणी जैन ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मंडल महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ चिकित्सालय के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बताया गया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के प्रयासों से स्वयंसेवी संस्था 'लेडीज सर्किल वाराणसी' के सहयोग से इस सुविधा का निर्माण कराया गया है। कक्ष में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे माताएं सहजता के साथ अपने शिशुओं की देखभाल कर सकें। उद्घाटन के बाद शिशु आहार कक्ष का निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह सुविधा महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस मौके पर मंडल चिकित्सालय के सेमिनार कक्ष में स्तनपान जागरूकता विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने स्तनपान के महत्व, लाभ और शिशु के समुचित विकास में इसकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी तथा महिलाओं को इसके प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे. चौधुरी ने किया।

# पूर्वांचल को रेल विकास की नई सौगात, 19 जून से शुरू होंगी तीन अहम सेवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूर्वांचल के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्र में रेल संपर्क को मजबूत बनाने और यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण रेल सेवाओं का शुभारंभ 19 जून से किया जाएगा। इन नई सुविधाओं से मऊ, मधुबन सहित पूरे पूर्वांचल के लाखों यात्रियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

रेल मंत्रालय की ओर से पूर्वांचल क्षेत्र के लिए जिन प्रस्तावों पर सहमति दी गई थी, उन्हें अब अमली जामा पहनाने की दिशा में तेजी से काम किया गया है। इसके तहत दोहरीघाट-औंड़िहार नई मेमू ट्रेन का संचालन वाराणसी तक विस्तारित किया जाएगा। इससे दोहरीघाट, मऊ और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को वाराणसी तक सीधी और सुगम रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

इसके अलावा मऊ-आनंद विहार (दिल्ली) स्पेशल ट्रेन का नियमित संचालन मऊ से शुरू किया जाएगा। वहीं छपरा-आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन भी मऊ मार्ग से किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों को एक नया और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। जानकारी के अनुसार इन रेल सेवाओं का शुभारंभ 19 जून, 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर जनता को संबोधित करेंगे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इन नई रेल सुविधाओं का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे पूर्वांचल के विकास को गति मिलेगी तथा व्यापार, शिक्षा, रोजगार और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से लोगों का समय बचेगा और यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। स्थानीय लोगों से 19 जून को मऊ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है। माना जा रहा है कि यह पहल पूर्वांचल में रेल नेटवर्क को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# संपत्ति फ्री–होल्ड कराने के लिए एलडीए लगाएगा शिविर

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किराये की सम्पत्तियों के निबंधन, फ्री-होल्ड एवं नामांतरण की प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र आवंटियों और किरायेदारों को अपने सम्पत्ति संबंधी मामलों का त्वरित निस्तारण कराने का अवसर मिलेगा। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे किरायेदार जिन्होंने अभी तक अपने पक्ष में सम्पत्ति क्रय नहीं की है, वे प्राधिकरण भवन स्थित यूको बैंक से रेंट की विक्रय पुस्तिका प्राप्त कर नियमानुसार आवेदन कर सकते हैं। वहीं, जिन किरायेदारों ने अपनी सम्पत्ति का लीज होल्ड निबंधन करा लिया है, वे एलडीए की वेबसाइट पर उपलब्ध जनहित सेवा पोर्टल के माध्यम से फ्री-होल्ड निबंधन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेपर मिल कॉलोनी की सम्पत्तियों के फ्री-होल्ड निबंधन के लिए 17 एवं 18 जून 2026 को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रेंट अनुभाग की अन्य सभी योजनाओं के लिए 19, 20 एवं 22 जून 2026 को तीन दिवसीय विशेष शिविर लगाया जाएगा। एलडीए सचिव ने सभी पात्र नागरिकों से शिविरों का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर फ्री-होल्ड निबंधन कराने से सम्पत्ति अभिलेखों का नियमितीकरण होगा तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक एवं विधिक जटिलताओं से बचा जा सकेगा

# मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, हुई शांति समिति की बैठक

## सौहार्द बनाए रखने की अपील



निगोहां, लखनऊ। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए निगोहां थाने में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने की।

बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, ताजियादार, धर्मगुरु और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। थाना प्रभारी ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने ताजिया जुलूस के मार्गों, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की। ताजियादारों को निर्धारित मानकों का पालन करने और विद्युत तारों व रास्तों से जुड़ी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में निगोहां, मीरानपुर, नन्दौली, मदारी खेड़ा, डीहा, पटसा समेत कई गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मोहर्रम को शांति, एकता और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **08.07.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 00562026 दिनांक 16.06.2026 | | |
| निविदा सं. | 05-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | बीघापुर (BQP) बैलास्ट डिपो: सहायक मंडल इंजीनियर–उन्नाव के अधीन बीघापुर (BQP) बैलास्ट में आर०डी०एस०ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गई स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर०डी०एस०ओ०/जी इ/0001: फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 के अनुसार (60000 Cum) घन मीटर 65 एमएम साइज मशीन द्वारा तोड़ी गई कठोर गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। | | |
| अनुमानित लागत | ₹8,77,59,600/- | धरोहर राशि | ₹17,55,200/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 24.06.2026 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 08.07.2026 को 15:00 बजे | | |

नोट: 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जाँच रिपोर्ट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कॉलेज/ढराजकीय पॉलीटेक्निक/आई०आई०टी० तथा एन०आई०टी० की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएंगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **2055/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पांच लाख की लूट का खुलासा, तीन प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बीकेटी पुलिस की कार्रवाई, वारदात में प्रयुक्त कार व मोबाइल बरामद, फरार साथियों की तलाश जारी**

बख्शी का तालाब,लखनऊ : बख्शी का तालाब पुलिस ने सीतापुर हाईवे पर हुई पांच लाख रुपये की लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, तीन मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

पुलिस के अनुसार 11 जून को बीकेटी कस्बा से आगे किसान पथ के निकट कार सवार बदमाशों ने एक वाहन को ओवरटेक कर रोक लिया था। इसके बाद असलहा लहराते हुए फायरिंग की और बैग में रखे पांच लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद डालीगंज निवासी राकेश कुमार अग्रवाल की तहरीर पर बीकेटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संसारपुर अंडरपास के नीचे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रयागराज के मऊआईमा निवासी सतवंत सिंह पटेल, शिवकुटी निवासी विनय कुमार और प्रतापगढ़ के मानधाता निवासी रोहित कुमार यादव के रूप में हुई है। तीनों प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात को पूर्व नियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था। घटना के बाद सभी आरोपी अलग-अलग स्थानों पर छिप गए थे। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर उनके अन्य फरार साथियों की तलाश कर रही है। साथ ही लूटी गई रकम की बरामदगी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

फायरिंग कर छीना था रुपयों से भरा बैग : 11 जून को हुई इस वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी थी। बदमाशों ने पहले कार को ओवरटेक कर रोका, फिर असलहे से फायरिंग कर दहशत फैलाई और पांच लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई गई थीं। चार दिन के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य साथियों की तलाश जारी है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार तीनों आरोपी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद सभी आरोपी अलग-अलग स्थानों पर छिप गए थे ताकि पुलिस उनकी तलाश तक न पहुंच सके। हालांकि सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और पुलिस टीमों की लगातार पड़ताल के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अब पुलिस फरार साथियों की गिरफ्तारी और लूटी गई रकम की बरामदगी के लिए दबिश दे रही है।

# बड़े मंगल पर प्रांत प्रचारक कौशल ने किया प्लास्टिक मुक्त विशाल भंडारे का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र जियामऊ लखनऊ में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल ने प्रसाद वितरित कर भंडारा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत प्रमुख राजकिशोर ने पौधा रोपण भी किया।

क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि बड़ा मंगल लखनऊ की श्रेष्ठ परंपरा है। यह धर्म के साथ साथ सामाजिक समरसता और सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण है। भंडारा से पहले विश्व संवाद केंद्र स्थित श्री राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया गया। मुख्य यजमान एस बी पांडे ने पूजा कराई। भंडारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र सिंह, संघ के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपा शंकर, संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, मनीष शुक्ला, आलोक अवस्थी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी, राज्य सूचना आयुक्त पीएं द्विवेदी, प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉक्टर उमेश, कार्यालय प्रमुख सनी सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा भंडारे में बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संवाद नगर के सायं कार्यवाह अर्जुन सिंह , शशीकांत, डॉ उमेश राय और डॉ मदन मोहन समेत संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरित कराया। भंडारा में प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया।

# अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने वृंदावन योजना कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने मंगलवार को वृंदावन योजना स्थित कार्यालय परिसर के समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, कार्यालय परिसर में पाए गए अनाधिकृत व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध उपस्थिति, अनुशासन एवं कार्य व्यवस्था के प्रति पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने तथा कार्यालय में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं जनोन्मुखी कार्य संस्कृति बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप आवास आयुक्त (लखनऊ ज़ोन) एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर चाकू से हमला का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**घर में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी, तहरीर के आधार पर जांच में जुटी पुलिस**

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में परीक्षा देने जा रही एक छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहरीर के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे 20 वर्षीय छात्रा परीक्षा देने के लिए जा रही थी। आरोप है कि गांव के बाहर स्थित आम के बाग के पास पहले से मौजूद तेज बहादुर सिंह उर्फ तेजा ने उसे रोककर अभद्र टिप्पणी की और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। छात्रा द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसे घर में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने छात्रा की गर्दन पकड़ ली और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर मारपीट भी की। किसी तरह छात्रा वहां से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

परिजनों ने आरोपी को आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## छत से गिरकर डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर इलाके में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। घर की छत पर खेल रही डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची अचानक नीचे सड़क पर गिर गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सीतापुर के घूरामऊ बंगला निवासी अतुल शर्मा अपनी पत्नी मंजू शर्मा और डेढ़ वर्षीय बेटी निशा के साथ गणेशपुर रहमानपुर में रहते हैं। सोमवार शाम करीब सात बजे निशा घर की छत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते समय वह छत की रेलिंग के पास पहुंच गई और अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने शोर मचाया तो परिजन दौड़कर बाहर पहुंचे। खून से लथपथ बेटी को देखकर माता-पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। पड़ोसियों की मदद से बच्ची को तुरंत लोहिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। परिजनों के मुताबिक निशा उनकी इकलौती संतान थी। शादी के कई वर्षों बाद घर में बेटी का जन्म हुआ था, जिससे परिवार में खुशियां लौटी थीं। लेकिन एक दर्दनाक हादसे ने उन खुशियों को मातम में बदल दिया। मृत बच्ची का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां मंजू अपनी लाडली को याद कर बार-बार बिलख उठीं, जबकि पिता अतुल गहरे सदमे में दिखाई दिए।

## व्यापारी नेता ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जन उदघोष व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश (पंजी.) से जुड़े व्यापारी नेता एवं नेचुरेक्स एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा आईआईएम रोड स्थित अवस्थी कॉम्प्लेक्स में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में जन उदघोष व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष भुवन चंद्र भट्ट सहित कई व्यापारी नेता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एवं धार्मिक सद्भाव का प्रतीक बताया।

# श्री शिव शक्ति धाम पहुंचे तेलंगाना राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पार्षद भृगुनाथ शुक्ला ने किया राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत, लोकमंगल के लिए हुई विशेष पूजा**

**इंदिरा नगर के धार्मिक आयोजन में राज्यपाल का संबोधन, भारत की सांस्कृतिक शक्ति को बताया विश्व की प्रेरणा**

लखनऊ। इंदिरा नगर सेक्टर-17 स्थित श्री शिव शक्ति धाम मंदिर में मंगलवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया गया। श्री शिव शक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंदिर पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का श्रद्धालुओं एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान शिव एवं मां शक्ति के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चन कर देश, समाज एवं जनकल्याण की कामना की। राज्यपाल ने मंदिर के पुजारियों को पटका पहनाकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अधिमास के उपरांत आया यह मंगलवार विशेष धार्मिक महत्व रखता है। उन्होंने मंदिर में दर्शन एवं पूजन का अवसर उपलब्ध कराने के लिए श्री शिव शक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कामना की कि यह पावन अवसर संपूर्ण भारत के लिए मंगलकारी सिद्ध हो तथा देशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करे। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि भारत निरंतर विकास, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज विश्व भारत की सांस्कृतिक विरासत, ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक उपलब्धियों और विकास यात्रा को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। भारत एक सशक्त वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा भारतीयता के प्रति विश्वभर में सम्मान और आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का नेतृत्व वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री शिव शक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ल ने बताया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का आगमन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी, सहायक पुजारियों एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। साथ ही राज्यपाल ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# उप्र में सघन प्रवर्तन अभियानों एवं जागरूकता कार्यक्रमों से दुर्घटनाओं एवं जनहानि में आई कमी : दयाशंकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाए गए सघन प्रवर्तन अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों के बेहद सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश में विगत तीन माह (मार्च, अप्रैल एवं मई 2026) की घातक सड़क दुर्घटनाओं और उन पर की गई विभागीय कार्यवाही के आंकड़े जारी किए गए हैं।

इन आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली जनहानि में अभूतपूर्व कमी आई है। यह सफलता ओवर स्पीडिंग पर लगाम कसने और यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध की गई कठोर दंडात्मक कार्यवाही का सीधा परिणाम है। विगत तीन माह (मार्च-मई 2026) में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में निरंतर कमी दर्ज की गई है। 'जीरो टॉलरेंस' नीति मोटर यान अधिनियम की धारा 19 के तहत 797 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित, 20 पूर्णतः निरस्त किये गये हैं। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मई माह में सघन चेकिंग के परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं घटकर 1,004 पर आ गई है। दुर्घटना के मामलों में भी भारी गिरावट दर्ज हुई है। परिवहन मंत्री ने बताया कि दुर्घटनाओं एवं जनहानि (मृत्यु) में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। सड़क सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के चलते विगत तीन माह में घातक दुर्घटनाओं (जिनमें एक या अधिक जनहानि हुई हो) का ग्राफ तेजी से नीचे आया है। मार्च 2026 में प्रदेश में कुल 1,876 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें 2,008 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। लेकिन अप्रैल 2026 में सुरक्षा उपायों के चलते आंकड़ों में कमी दर्ज की गई। कुल दुर्घटनाएं घटकर 1,697 और मृतकों की संख्या 1,838 रह गई है।

# 25% भुगतान पर मिलेगा पीएम आवास योजना के मकानों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत देते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने महज 25 प्रतिशत भुगतान पर आवास का भौतिक कब्जा देने का निर्णय लिया है। इस पहल से हजारों परिवार किराये के मकानों से निकलकर अपने घर में रहने का सपना पूरा कर सकेंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भवनों का कब्जा 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के बाद देने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसी क्रम में लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए 30 जून से 2 जुलाई 2026 तक एलडीए भवन के कमेटी हॉल में तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी पात्र आवंटी आवेदन कर सकेंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि जुलाई 2025 और फरवरी 2026 में आयोजित लॉटरी के माध्यम से बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में 1822 लोगों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए थे। हाल ही में इन आवंटियों को आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। इन सभी लाभार्थियों को भी 25 प्रतिशत भुगतान पर भवन का भौतिक कब्जा प्राप्त करने का विकल्प दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक आवास की कुल लागत 4,79,550 रुपये है। आवंटी द्वारा 25 प्रतिशत राशि जमा करने के बाद रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर भवन का कब्जा सौंप दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जीएसटी, अनुरक्षण शुल्क, कॉर्पस फंड एवं अन्य निर्धारित शुल्क भी देय होंगे। शेष धनराशि का भुगतान सात वर्षों में 84 आसान मासिक किश्तों के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके तहत लाभार्थियों को लगभग 5,428 रुपये प्रतिमाह की किश्त अदा करनी होगी। एलडीए अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था से आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को अपने घर का सपना साकार करने में बड़ी मदद मिलेगी।

**79 करोड़ रुपये से अधिक होंगे खर्च, पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर टेंपल इकोनॉमी की जाएगी मजबूत**

# आस्था स्थलों के विकास को योगी सरकार ने दी रफ्तार : जयवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने 31 मार्च 2026 तक स्वीकृत परियोजनाओं पर तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदेश के 08 जिलों में 33 पर्यटन एवं धार्मिक विकास परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है, जिन पर लगभग 79.18 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता 'आस्था के साथ विकास' है। इसी सोच के तहत धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों का सौंदर्यीकरण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर टेंपल इकोनॉमी को मजबूत करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि जारी कर दी गई है और कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को 08 जिलों की 33 परियोजनाओं का दायित्व सौंपा गया है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 79.17 करोड़ रुपये से अधिक है।



इन परियोजनाओं में लखनऊ और सीतापुर की एक-एक परियोजना, मिर्ज़ापुर की 7, भदोही की 5, सोनभद्र की 2, हमीरपुर की 2, महोबा की 3, बांदा और चित्रकूट की 6-6 परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के विभिन्न आस्था स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई दी जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ स्थित मोहनलाल गंज में हुलासखेड़ा का पर्यटन विकास के लिए 11.99 करोड़, सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में बेदारण्यम की स्थापना कार्य के लिए 1.49 करोड़ रुपये, मिर्ज़ापुर की 07 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.04 करोड़, करोड़, 79.64 लाख, 1.94 करोड़, 1.97 करोड़, 83.69 लाख, 88.87 लाख और 2.15 करोड़ रुपये के करीब धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भदोही जनपद की 05 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.03 करोड़, 1.47 करोड़, 1.45 करोड़ 99.97 लाख, 1.25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। वहीं सोनभद्र जनपद की 02 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.25 करोड़ और 1.16 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसी तरह महोबा जनपद के विभिन्न मंदिरों के लिए क्रमशः 1.08 करोड़ रुपये, 45.58 लाख और 71.77 लाख रुपये तीन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत किए गए। हमीरपुर की 02 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 70 लाख और 69.81 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। बांदा की 06 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 53.82 लाख, 1.38 करोड़, 1.14 करोड़, 1.30 करोड़, 3.38 करोड़ और 2.83 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। वहीं चित्रकूट की 06 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.81 करोड़, 2.29 करोड़, 5.25 करोड़, 1.71 करोड़, 1.66 करोड़ और 9.05 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने बताया कि लगभग सभी परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराने के लिए निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सेक्टर की लोकप्रियता एवं निवेश की असीमित संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार आस्था के साथ विकास के अंतर्गत सभी स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सुलभ करा रही है।

- आठ जिलों की 33 परियोजनाओं पर शुरू हुआ काम
- 'आस्था के साथ विकास' प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

# बरातघर निर्माण के विरोध में हंगामा, पुलिस से नोकझोंक

❒ हिन्दू जागरण मंच ने दिया ज्ञापन, निर्माण कार्य रोकने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया में भुइयार बाबा मंदिर के पास जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मंगलवार को वार्ड के पार्षद ने इस विवादित जमीन को नगर निगम की बताकर बरातघर बनवाने का काम शुरू करा दिया। जिस पर मोहल्ले के लोग आ गए और हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने इस विवादित जमीन को मंदिर का बताकर शिवजी और नंदीजी की मूर्ति रख दी।

सूचना पर सदर इंस्पेक्टर राजीव सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मूर्तियों को उठाकर थाने ले जाने लगी, तो महिलाएं भड़क गईं और पुलिस से नोकझोंक हुई। पुलिस ने मूर्तियों को वापस किया, तब मामला शांत हुआ। इसके बाद हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने पहुंचे और यथा स्थिति बनाए रखने की सहमति बनाई।

इस मामले को लेकर हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मोहल्ला मक्कू बजरिया में प्राचीन देवस्थान का सौंदर्यीकरण कराने की बात कहकर मोहल्ले के पार्षद ने लोगों से सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिये थे। अब वहां के पार्षद ने उक्त देवालय की भूमि को किसी अन्य के नाम पर दर्ज कराकर बारात घर बनवा रहे है। इस बारात घर में मुस्लिम भी अपने कार्यक्रम करेंगे और मीठ बनाएंगें, वहां मांस की हड्डियां फेंकेंगे। जबकि पास-पड़ोस में देवी देवताओं की मूर्तियां हैं तथा ब्रह्मदेव तथा हवन कुण्ड भी स्थित है, इसलिए मोहल्लेवासी चाहते हैं कि देवालय की भूमि पर बारात घर न बनाकर, कहीं अन्य स्थान पर बनाया जाए। उक्त देवस्थान से अवैध निर्माण हटाया जाए, उक्त जमीन हिंदुओं को सौंपी जाए। बारात घर बनवाने वाले ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। अन्यथा हिन्दू जागरण मंच आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, जिला सहसंयोजक संतोष विश्वकर्मा, महानगर सहसंयोजक गोविन्द मिश्रा, राजेश अवस्थी, सुरजीत सिंह, सुनील कुमार, अभय राज सिंह, विवेक पाल आदि मौजूद रहे।

# विकास खंड बिसवां में जनकल्याण मेले का आयोजन

❒ केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड कार्यालय बिसवां, जनपद सीतापुर में जनकल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य आमजन को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ना रहा।

मेले में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, शिक्षा, बैंकिंग तथा अन्य विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों को योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिसवां विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री निर्मल वर्मा जी उपस्थित रहे। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की तथा पात्र लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी बिसवां श्री धनंजय सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। जनकल्याण मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की।

# सकरन में आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुरक्षण फंड में अवैध वसूली का आरोप, सीडीपीओ ने नहीं उठाया फोन

❒ प्रति केंद्र 3000 में से 1500 रुपये मांगने का आरोप, कार्यकत्रियों में रोष

❒ ईडब्लूएस पदों पर भर्ती न होने व चयन में अनियमितता के आरोप, हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सकरन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से केंद्रों के अनुरक्षण मद में मिली धनराशि में से अवैध वसूली का आरोप लगा है। सूत्रों के अनुसार प्रति आंगनबाड़ी केंद्र को अनुरक्षण हेतु मिले 3000 रुपये में से 1500 रुपये प्रति केंद्र की मांग की जा रही है। इससे कार्यकत्रियों में नाराजगी है।

## आईजीआरएस जवाब से उठे सवाल

एक आवेदिका ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन में कथित अनियमितता के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। बताया जा रहा है कि ऋक्ष्टट्ट के माध्यम से विभाग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की अगली सुनवाई में विभाग को जवाब दाखिल करना है।

## ईडब्लूएस पद खाली, चयन पर आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्व में हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका भर्ती में क्ड्ट्ट के लिए आरक्षित पद आज तक खाली हैं। वहीं कम्हरिया महरिया, पटना, मदनापुर, कम्हरिया खुन-खुन में चयन व कई सहायिकाओं की आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रोन्नति में दस्तावेजों का सत्यापन न करने के आरोप लगे हैं। आरोप है कि इसमें पक्षपात किया गया।

## कार्यकत्रियां बोलने से बच रहीं

नाम न छापने की शर्त पर कुछ कार्यकत्रियों ने बताया कि उन पर अनुरक्षण राशि में से हिस्सा देने का दबाव है। कार्रवाई के डर से कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है।

## सीडीपीओ ने नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जब एक्म्र सकरन से दूरभाष पर पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। व्हाट्सएप संदेश का भी जवाब नहीं मिला।

# सीतापुर में जगह-जगह आयोजित हुआ हनुमान चालीसा पाठ

सीतापुर। जनपद में इन दिनों धार्मिक आयोजनों की धूम देखने को मिल रही है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर भगवान बजरंगबली की कृपा प्राप्ति एवं जनकल्याण की भावना से हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ तथा विशाल भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति भाव से हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ कर रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, कड़ी-चावल, शर्बत तथा अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन

खैराबाद, सीतापुर। मंगलवार को सातवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर थाना क्षेत्र के विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, निराश्रित महिलाएं एवं स्थानीय श्रद्धालु पहुंचे। भंडारे में उपस्थित हज़ारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ छोला-चावल का प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सेवा, सहयोग तथा समाज के जरूरतमंद वर्गों के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक मजबूत करना रहा। धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के इस आयोजन ने क्षेत्र में सेवा, सहयोग और मानवता का सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी सागर गुप्ता , मनोज दीक्षित ने भी प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। यह आयोजन सामाजिक सेवा, धार्मिक आस्था और जनसहयोग का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम में फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाल, प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या, प्रदेश अध्यक्ष हरीशंकर गुप्ता, गुड्डू, हरिलाल, कौशल, किशोर कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सचिव केशव राना की मनमानी कार्य शैली क्षेत्र में बनी चर्चा का बिषय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रित, सीतापुर। विकासखंड मिश्रित से खंडविकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल का स्थानांतरण होने के बाद से ग्राम पंचायत जसरथपुर में तैनात पंचायत सचिव केशव राना की कार्य शैली क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बनी हुई है । उन पर सरकारी कार्यों के संचालन में निजी मुंशियों का सहारा लेने और शासन-प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी करने के आरोप लग रहे हैं ।

प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सरकारी कार्यालयों में निजी कर्मचारियों से कार्य न कराए जाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं । जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने भी सभी विभागों को निर्देशित किया है कि सरकारी कार्य केवल अधिकृत कर्मचारियों द्वारा ही संपादित कराए जाय । इसके बावजूद विकासखंड कार्यालय मिश्रित में इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है । स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत सचिव केशव राना द्वारा निजी मुंशियों को सरकारी कार्यों में लगाया गया है। यह कथित मुंशी प्रति दिन कार्यालय पहुंचकर परिवार



रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा दिब्यांग आवास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को बिना सुविधा शुल्क के नही करते है । उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत जसरथपुर निवासी 90 प्रतिशत दिब्यांग अमन मौर्य पुत्र अयोध्या प्रसाद मौर्य ने फरवरी 2026 में दिब्यांग आवास कराने हेतु अपने अभिलेख पंचायत सचिव केशव राना को दिया था । परन्तु दिब्यांग और गरीब होने के कारण वह उनकी और उनके कथित मुंशी की इच्छा पूर्ती नही कर सका । जिससे सैकड़ों बार ब्लाक के चक्कर लगाने के बावजूद भी उसका दिब्यांग आवास स्वीकृत नही किया गया । उसके अभिलेख पंचायत सचिव व्दारा रद्दी की टोकरी में डाल कर गुम कर दिए गए । इसी तरह मजरा फुलवारी निवासी गरीब ब्राम्हण पंडित जी के अंत्योदय कार्ड का प्रस्ताव होना था । जिसमें ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय ने स्वयं फोन करके कहा था । कि ग्राम पंचायत जसरथपुर में तीन अंत्योदय कार्ड रिक्त चल रहे है । एक कार्ड पर इनका प्रस्ताव करके प्रमुख कार्यालय को उपलब्ध करा दे । परन्तु एक मांह बीत जाने के बाद भी सुविधा शुलिक के अभाव में पंचायत सचिव व्दारा प्रस्ताव की प्रति प्रमुख कार्यालय में आज तक उपलब्ध नही कराई गई है । सूत्रों की माने तो पंचायत सचिव विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के लिए स्वयं सुविधा शुल्क न लेकर अपने कथित मुंशियों को माध्यम बना रहे है । ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों की तैनाती पहले से की गई है, ऐसे में निजी व्यक्तियों से सरकारी कार्य कराए जाने का औचित्य समझ से परे है। सवाल यह भी उठ रहा है कि बिना किसी आधिकारिक नियुक्ति और मानदेय के यह निजी मुंशी नियमित रूप से सरकारी कार्य कैसे कर रहे हैं । आरोपों के अनुसार, उक्त निजी मुंशी ब्लाक परिसर स्थित सरकारी आवास पर कब्जा जमाकर वहीं से कार्यों का संचालन कर रहे हैं। यदि यह आरोप सही हैं । तो शासन की मंशा तथा प्रशासनिक निर्देशों की खुली अवहेलना है । क्षेत्रीय नागरिकों ने मांमले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है ।

# तमंचा-कारतूस के साथ जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरेली हाईवे से कान्हा गौशाला की ओर जा रहे रास्ते से एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने देशी तमंचा, कारतूस बरामद किया।

पकड़ा गया अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी का रहने वाला करन गुप्ता पुत्र श्याम मनोहर गुप्ता है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त करन गुप्ता पर थाना कोतवाली और सदर बाजार में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। इस पर उत्तर प्रदेश गुन्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी और नोटिस तामील कराकर 06 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर जिलाबदर किया गया था। इसके बाबजूद अभियुक्त करन गुप्ता जनपद में घूम रहा था। फिलहाल, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त करन गुप्ता के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक सुशांत रावत के साथ कांस्टेबल नवतीत कुमार और रोहित सांगवान मौजूद रहे।

# मिर्ज़ापुर ब्लॉक में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

❒ विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड मिर्ज़ापुर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ब्लाक परिसर में विभिन्न विभागों ने योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाए तथा लाभार्थियों की सफलता की कहानियां भी प्रदर्शित की जाएं। उन्होंने योजनाओं के प्रचार-प्रसार और पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क सहजन के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें अपने आवास के आसपास लगाकर संरक्षित करना होगा। उन्होंने अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने की अपील की। बताया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी डीएम शाहजहांपुर यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है और समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक शुक्रवार को 25 न्याय पंचायतों में चैपाल आयोजित की जा रही हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने कहा कि जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के स्वीकृत ऋण के चेक लाभार्थियों को वितरित किए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र चंद्र पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## श्री बालाजी प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभा यात्रा



**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के नौनेर गांव से बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्रा के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा बालाजी मंदिर नौनेर से चलकर गौरी शंकर मंदिर हरगांव पहुंची।श्रद्धालु डीजे पर भक्तिमय भजनों से आनंदित होकर जयकारों के साथ नाचते हुए हरगांव गौरी शंकर मंदिर पहुंचे।पांच आचार्य पंडित दिनेश अवस्थी श्याम सुंदर शुक्ला आशीष त्रिवेदी सत्येंद्र पांडे पवन अवस्थी के द्वारा गौरी शंकर मंदिर पहुंचकर पूजन करवाया।पूजन के बाद शोभा यात्रा वापस नौनेर गांव बालाजी मंदिर पहुंची।इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पुजारी अश्वनिया शुक्ला मोहन शुक्ला सुरेंद्र मिश्रा अजय मिश्रा विनय शंकर मिश्रा पंकज सिंह श्याम किशोर मिश्रा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## सीतापुर-महोली मुख्य मार्ग से जुड़े 200 गाँवों का संपर्क टूटा, ग्रामीणों ने की निर्माण की माँग

**महोली सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर-महोली मुख्य मार्ग पर स्थित रिछाही चौराहे से पीरपुर, कोरैया, रावतपुर, हथिया, कासिमपुर और बेनीपुर होते हुए हरगाँव-महोली रोड को जोड़ने वाला मुख्य जो करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है पूरी तरह से खराब हो गई है ग्रामीण मार्ग इस समय पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। गढ्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क के कारण करीब 200 से अधिक गाँवों की आबादी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। इस खस्ताहाल मार्ग से केशवपुर, काजीकमालपुर, टिकरा, इमलिया और सुल्तानपुर जैसे कई बड़े क्षेत्र भी सीधे प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि इस पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति स्वास्थ्य आपातकाल के समय होती है। सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण एम्बुलेंस समय पर गाँवों तक नहीं पहुँच पाती। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान पर बन आती है।सड़क की इस दुर्दशा से नाराज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के उच्चाधिकारियों से इस मार्ग का जल्द से जल्द नए सिरे से निर्माण कराने की माँग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत या नवनिर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो क्षेत्र के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## आवास विकास बी ब्लॉक में डीएम का औचक निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज शहर सीतापुर में स्थित आवास विकास बी ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीवर टैंक को देखते हुये गंदगी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं सीवर टैंक की विगत दिनों कब सफाई हुयी थी, की भी जानकारी प्राप्त की। उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर (अतिरिक्त प्रभार) सीमा को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सफाई एवं अन्य कार्यों से संबंधित पत्रावली मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने आवास विकास की नालियों की साफ-सफाई आदि को देखा। वर्षा के दौरान जिन सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, वहां की सड़कों को जिलाधिकारी ने देखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे मोहल्ले वासियों को कोई परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाये तथा जिन लोगों ने नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है, उनको नोटिस जारी करते हुये अतिक्रमण मुक्त किया जाये, जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

## उर्वरक बिक्री व्यवस्था पर डीएम की नजर, किसानों से फोन पर ली जानकारी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा महोली क्षेत्र के मै0 आई0एफ0एफ0डी0सी0 कृषक सेवा केन्द्र रिछाही विकास खण्ड महोली की निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पॉश मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया गया, जिसके अनुसार एन0पी0के0 20:20:0:13 61 बोरी, यूरिया 1351 बोरी पायी गयी, जिसका मिलान किया गया जो सही पाया गया। निरीक्षण के समय बिक्री रजिस्टर पर अंकित कृषक श्री सतीश पुत्र लालजी निवासी ग्राम सेमरहन से जिलाधिकारी महोदय द्वारा मोबाईल नम्बर के माध्यम से बात कर यूरिया उर्वरक क्रय करने के सम्बन्ध में पूछा गया तो श्री सतीश द्वारा निर्धारित दर पर यूरिया उर्वरक प्राप्त होना बताया गया तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा टैगिंग के सम्बन्ध में पूछा गया तो कृषक द्वारा किसी प्रकार की टैंगिंग से इनकार किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा किस फसल में प्रयोग हेतु यूरिया खरीदी गयी है, की जानकारी चाही तो कृषक द्वारा बताया गया कि मेरे पास 5 बीघा खेत है, जिसमे गन्ना लगा है, जिसके लिए 02 बोरी यूरिया खरीदी गयी है। जिसके उपरान्त मै0 एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप चमारबाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पॉश मशीन में प्रदर्शित हो रहे स्टॉक एन0पी0के0 12:32:16 164 बोरी, एन0पी0के0 20:20:0:13 67 बोरी, डी0ए0पी0 179 बोरी, यूरिया 320 बोरी पायी गयी, जिसका भौतिक स्टॉक से मिलान किया गया जो सही पाया गया।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर व जलालाबाद का किया औचक निरीक्षण

❒ जलालाबाद सीएचसी के मुख्य गेट पर लगा मिला ताला, संबंधित पर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर एवं जलालाबाद का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर के निरीक्षण के दौरान टीकाकरण, एक्स-रे, दवा वितरण आदि कक्षों का निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों से मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुलर, रेफ्रिजरेटर एवं सोलर सिस्टम लगाने तथा स्वास्थ्य केंद्र की रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने जरियनपुर गांव में बस स्टेशन के लिए स्थान का निरीक्षण किया और संबंधित को निर्देश दिए कि तालाब की जमीन को एक्सचेंज कर बस स्टैंड के लिए कार्रवाई करें। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम को मुख्य गेट ताला बंद मिला। यही नहीं, केंद्र पर तैनात अधिकांश कर्मचारी अपने निर्धारित कक्षों में अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय डीएम को केन्द्र पर केवल गार्ड रमेश चंद्र, वार्ड बॉय मोहम्मद जीशान तथा फार्मासिस्ट मोहम्मद इलियास उपस्थित मिले। जबकि दवा लेने के लिए आए मरीज और तीमारदार केंद्र के बाहर इंतजार करते हुए पाए गए। मरीजों और तीमारदारों ने डीएम को बताया कि यहां समय पर दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही हैं और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई और केंद्र पर उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर का तत्काल मिलान कराने के निर्देश दिए, ताकि दवाओं की उपलब्धता और वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता की जांच की जा सके। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही, कर्मचारियों की अनुपस्थिति तथा मरीजों को दवाइयां न मिलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए: सांसद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ब्लाक जैतीपुर के विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोकसभा सांसद अरुण सागर ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वहीं, कटरा विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सपना कश्यप ने की। उन्होंने सभी बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे और ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निःस्वार्थ भाव से कार्य करने और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के स्वीकृत ऋण के चेक लाभार्थियों को वितरित किए गए। बैठक में खंड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा, भाजपा नेता राजीव कश्यप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार सिंह, सुनील शर्मा, प्रधान प्रवेन्द्र सिंह यादव, शिवशरन वर्मा, ऋषिपाल कश्यप सहित कई क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के समस्त कार्यो की आयोजित हुई समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

> ❒ मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि जीरो पॉवर्टी योजना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए

बहजोई, सम्भल। मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी ने जनपद में विद्युत विभाग की संरचना एवं कार्यरत कार्मिकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जीरो पॉवर्टी लाइन के अंतर्गत दिए जा रहे विद्युत कनेक्शनों की प्रगति की समीक्षा की। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि जनपद में जीरो पॉवर्टी लाइन के अंतर्गत 8,266 उपभोक्ता हैं। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं के स्थलीय निरीक्षण एवं आख्या के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि जीरो पॉवर्टी योजना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में सबसे गरीब 20 से 25 परिवारों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए योजना से संतृप्त किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य विभागों की अपेक्षा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतें अधिक प्राप्त होती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग के जूनियर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन उठाना सुनिश्चित करें तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने विद्युत विभाग से संबंधित प्रमुख शिकायतों, जिनमें ट्रांसफार्मर फुंकने, खराब ट्रांसफार्मरों को समय से न बदलने, मीटर खराब होने तथा गलत बिल जारी होने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जूनियर इंजीनियर एवं निचले स्तर के कार्मिक उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार में सुधार लाएं तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने समाचार पत्रों में प्रकाशित विद्युत विभाग से संबंधित समाचारों एवं उन पर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर अथवा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के अधिकारी नियमित रूप से जूनियर इंजीनियरों एवं लाइनमैनों की समीक्षा बैठक आयोजित करें। साथ ही आंधी-तूफान अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल टीम गठित कर प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर समस्या का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विद्युत कटौती, कृषि फीडरों तथा विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर संबंधित किसानों के लिए शिविर आयोजित किए जाएं तथा उनसे यह जानकारी प्राप्त की जाए कि फसलों की सिंचाई हेतु उन्हें किस समय विद्युत की आवश्यकता होती है। उसी के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत चेकिंग के नाम पर किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। बैठक में स्मार्ट मीटर तथा परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

> ❒ ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगल पर तहसील तिलोई में आकर्षक झांकियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

अमेठी। ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगल पर तहसील तिलोई के साथ ही विभिन्न गांवों कस्बों में श्रीराम चरित मानस एवं सुंदर काण्ड पाठ के समापन उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। तहसील तिलोई के प्रांगण में स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर पर श्रीराम चरित मानस पाठ समापन उपरांत ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगल पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें संगीतमयी भजन संध्या का आयोजन किया गया और ब्रजभान सिंह एण्ड पार्टी द्वारा भक्तिमय गीतों और झांकियां निकालकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तहसील बार एसोशिएशन एवं तहसील प्रशासन के द्वारा आयोजित इस विशाल भण्डारा में उपजिलाधिकारी अमित सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के साथ ही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह एवं महामंत्री सुरेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रसाद वितरित किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने प्रसाद ग्रहण किया। उपजिलाधिकारी अमित सिंह एवं तहसीलदार अभिषेक यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।सिंहपुर विकास क्षेत्र के कस्बा इन्हौना से सेमरौता मार्ग पर स्थित यश ट्रेडर्स पर श्रीराम चरित मानस पाठ समापन उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या राहगीरों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी राम किशोर त्रिवेदी एवं यश त्रिवेदी द्वारा आगंतुकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कस्बा सिंहपुर में पूर्व ग्राम प्रधान श्रीचंद्र चौरसिया द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी और हलुवा वितरित किया गया। सेमरौता स्थित हनुमान मंदिर पर प्रदीप मिश्रा द्वारा शर्बत वितरित किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमीषा यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद शुक्ला, मनोज गुप्ता, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अनूप कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,मानस शुक्ला, नितिन त्रिपाठी, शिवम तिवारी, संजीत विश्वकर्मा, श्रीकांत यादव, संजय सिंह, सर्वेश विश्वकर्मा, पंकज अवस्थी, आदित्य पाण्डेय,प्रमोद त्रिपाठी, तेज नारायण मिश्रा, जय शंकर त्रिवेदी, फूल चंद्र चौरसिया, कार्तिकेय शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष के सामने किया हंगामा

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर में मंगलवार को आयोजित ''विकसित भारत सम्मेलन'' में भाजपा की महिला नेता पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। आलम यह था कि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया के सामने ही भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए नारेबाजी की और मंच के सामने धरने पर बैठ गई। महिला नेत्री पर टिप्पणी करने वाले भाजपा जिला उपाध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित करने की मांग को लेकर महिला कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया के सामने जमकर हंगामा और नारेबाजी की।

# बिल्सी सीओ का तबादला,एसपी ने किया भव्य विदाई कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बिल्सी क्षेत्राधिकारी (सीओ) के.के. तिवारी का स्थानांतरण गोंडा जनपद के लिए होने पर पुलिस विभाग में भावुक माहौल देखने को मिला। उनके सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित जनपद के अन्य पुलिसअधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि के.के. तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए पुलिस विभाग की छवि को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने जनसामान्य की समस्याओं के समाधान और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि श्री तिवारी का अनुभव और कार्यकुशलता गोंडा जनपद में भी पुलिस विभाग के लिए लाभ दायक सिद्ध होगी। उन्होंने उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके सरल व्यवहार, सहयोगात्मक कार्यशैली और उत्कृष्ट सेवाओं को याद करते हुए कहा कि बदायूं में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। गोंडाजनपद के लिए रवाना हो रहे के.के. तिवारी को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सफल भविष्य और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अंकिता शर्मा की स्मार्ट पुलिसिंग लायी रंग 24 घंटे में बरामद हुआ लापता कन्हैया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उझानी, बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में बदायूं पुलिस लगातार जटिल मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा कर जनपदवासियों का विश्वास जीत रही है। इसी कड़ी में उझानी पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए लापता हुए 11 वर्षीय बालक कन्हैया को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

इस सफलता के बाद परिवार में खुशी का माहौल है और परिजनों ने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार उझानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ठिरिया निवासी ठाकुरदास का 11 वर्षीय पुत्र कन्हैया सोमवार दोपहर लगभग दो बजे संदिग्धपरिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों के अनुसार गांव में आए एक युवक ने उसे अपने साथ ले लिया था। बाद में उक्त युवक की पहचान ओमपाल के रूप में हुई, जो सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शिकरापुर इलाके के एक गांव का निवासी बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही उझानी पुलिस हरकत में आ गई और बालक की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। पुलिस की लगातार की गई छानबीन और सतर्कता के चलते मंगलवार को कन्हैया को कासगंज जनपद से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस पूरे मामले के सफल वर्कआउट में उझानी कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, कांस्टेबल गौरव तथा कांस्टेबल सुमित की विशेष भूमिका रही। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक को सुरक्षित उसके परिवार से मिला दिया। अपने बेटे के सकुशल वापस मिलने पर कन्हैया के परिजनों ने कोतवाल प्रवीण कुमार, एस आई रविंद्र सिंह, कांस्टेबल गौरव और कांस्टेबल सुमित सहित पूरी उझानी पुलिस टीम का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। परिजनों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता और संवेदनशीलता के कारण उनका बेटा सुरक्षित वापस मिल सका।बालक के घर लौटने के बाद गांव में राहत और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी उझानी पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे पुलिस की तत्परता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष तैयारी पर जोर

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम मेंऑडिटोरियम बदायूं में पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर की प्रेरणा से संचालित योग कक्षा में नैना सारस्वत, यशस्वी सिंह,अनुपम सिंह, हिमाद्री, उषा देवी, लवली चौहान, उषा पाल, अखिलेश, मधु, सोनी, नीलम सक्सेना, चंद्रावती, सौम्या, महेश्वरी देवी, रेखा, सुनीता गुप्ता, दीपा, सुखरानी, रेनू, कुसुम, अनीता, शारदा यादव, संध्यायादव, ममता, अंजू, प्रवेश चौहान एवं शांति राठौर सहित अनेकमहिलाओं और योग साधकों ने भाग लिया।कार्यक्रम में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर सोनू पटेल ने प्रतिभागियों को मधुमेह से बचाव एवं नियंत्रण के लिए उपयोगी योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। वहीं आयुर्वेद विभाग दातागंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने लगभग 25 से 30 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने सभी से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम एवं योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग योग से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत विषाक्त पदार्थ खाए जाने का अंदेशा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुंवरगाँव थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव में 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रहलादपुर निवासी बबली (17) पुत्री शेर सिंह अपने दादा वेदराम के साथ गांव में रहती थी। उसके माता–पिता मजदूरी के लिए हिमाचल प्रदेश गए हुए हैं। सोमवार दोपहर बबली ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम में ले गए, जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतका के पिता शेर सिंह ने भी घटना को लेकर अपनी जानकारी साझा की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## उच्च अधिकारियों को आदेश को नहीं मानते थाना सिविल लाइन प्रभारी, पीड़ित को थाने से भगाया

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइन थाना पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। जवाहरपुरी निवासी राजीव गुप्ता ने आरोप लगाया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद उनकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी ने उन्हें कार्रवाई करने के बजाय थाने से चले जाने के लिए कह दिया। पीड़ित राजीव गुप्ता का कहना है कि उन्होंने अपने साथ हुई घटना के संबंध में पहले भी पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद सिविल लाइन थाना पुलिस ने उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की। राजीव गुप्ता का आरोप है कि न्याय की उम्मीद लेकर जब वह सिविल लाइन थाने पहुंचे तो उन्हें उचित सुनवाई नहीं मिली और कथित रूप से थाने से तत्काल चले जाने के लिए कहा गया। पीड़ित ने इसे अपने साथ अन्याय और अपमान बताते हुए मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने उच्च पुलिस अधिकारियों से हस्तक्षेप कर उनकी शिकायत पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है। वहीं, इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

## नैया नाला के किनारे युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव मिश्रौली के पास स्थित नैया नाला के किनारे मंगलवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल जारी है। थाना क्षेत्र के गांव मिश्रौली के पास स्थित नैया नाला के किनारे राहगीरों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस को घटना से अवगत कराया।घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। थाना जगदीशपुर के प्रभाव निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव भारी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान प्रमोद पुत्र जगन्नाथ निवासी मिश्रौली थाना जगदीशपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## स्कूलों में बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर किया स्वागत

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले परिषदीय विद्यालय मंगलवार को बच्चों की आमद से गुलजार नजर आये और परिषदीय विद्यालयों को आकर्षक रंगोली के साथ ही रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था।खण्ड शिक्षा अधिकारी एआरपी के साथ शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को रोली चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया और नियमित विद्यालय आने का पाठ पढ़ाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों का रोली, चंदन से टीका लगाकर स्वागत किया और बच्चों को नियमित विद्यालय आने का पाठ पढ़ाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि जिस बच्चे की उपस्थित शत प्रतिशत होगी उस बच्चे को पुरस्कृत किया जायेगा और आप सब लोग प्रतिदिन विद्यालय अवश्य आयें। कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय सहित अन्य शिक्षकों द्वारा विद्यालय में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय टिकरी, खेखरुआ, रुकुनपुर, राजा फत्तेपुर के साथ ही कम्पोजिट विद्यालय दांदूपुर में शिक्षकों को रोली चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया और नियमित विद्यालय आने के लिये प्रेरित किया गया। इस मौके पर सत्येन्द्र कुमार तिवारी, उबैद अहमद, जितेन्द्र नाथ त्रिवेदी, धर्मेन्द्र सिंह, मोहम्मद अनीस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन की पहल लाई रंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

> ❒ सीएमओ के ऐतिहासिक फैसले से फार्मासिस्ट प्रशिक्षुओं को मिली बड़ी राहत

सीतापुर। जिले के फार्मासिस्ट प्रशिक्षु छात्रों के हितों की रक्षा और उनकी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान को लेकर यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन द्वारा उठाया गया कदम रंग लाया। संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुखरंजन समाद्दार से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें फार्मासिस्ट प्रशिक्षु छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों को प्रशिक्षण प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों, दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने की समस्या, समय एवं आर्थिक संसाधनों की बर्बादी तथा प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को विस्तारपूर्वक रखा।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखरंजन समाद्दार ने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए उपस्थित सभी फार्मासिस्ट प्रशिक्षु छात्रों को उनके नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सीएमओ के इस त्वरित एवं छात्र-हितैषी निर्णय से प्रशिक्षु छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने इसे अपने भविष्य के लिए एक बड़ी राहत बताया। सीएमओ डॉ. सुखरंजन समाद्दार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में प्रशिक्षित और दक्ष फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है, ताकि वे भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल छात्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करेगा, बल्कि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा फार्मासिस्टों एवं प्रशिक्षु छात्रों के हितों की आवाज बनकर कार्य करता रहेगा और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम निरंतर करता रहेगा। रंजीत यादव ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन आदरणीय सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन और प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन छात्र हित, फार्मासिस्ट कल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन और संगठन के आपसी समन्वय से भविष्य में भी छात्रों और स्वास्थ्य कर्मियों से जुड़े मुद्दों का सकारात्मक समाधान होता रहेगा। सीएमओ के इस सराहनीय और दूरदर्शी निर्णय की छात्र समुदाय तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों द्वारा व्यापक प्रशंसा की जा रही है। प्रशिक्षु छात्रों ने भी यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से उन्हें अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी और वे अपने प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस अवसर पर यूथ फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षु छात्र एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी को प्रार्थना–पत्र, देकर महिला ने बिनावर पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम बिलहत में दर्ज छेड़छाड़ के एक मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पीड़ित बालिका की मां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को प्रार्थना -पत्र देकर आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद बिनावर पुलिस राजनीतिक दबाव के चलते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। महिला ने गांव के वर्तमान प्रधान एवं उनकेसहयोगियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता की मां का कहना है कि उसकी पुत्री के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के संबंध में थाना बिनावर में मुकदमा संख्या 113/26 दर्ज है, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। महिला ने एसएसपी से मामले में हस्तक्षेप कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।इसी बीच मामले से जुड़े कुछ ग्रामीणों ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर स्वयं को घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताते हुए अपने शपथ पत्रों को विवेचना में शामिल किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निष्पक्ष और न्यायोचित जांच के लिए उनके बयान और शपथ पत्रों को भी विवेचना का हिस्सा बनाया जाना आवश्यक है। प्रार्थना-पत्र पर भारत सिंह पुत्र लखपति, अनिल पुत्र नन्हू, परशोत्ताल पुत्र छदामी, जोराज सिंह पुत्र फल्लू सिंह तथा ममता देवी पत्नी आलोक कुमार सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर अंकित हैं। सभी प्रार्थी ग्रामबिलहत, थाना बिनावर, जनपद बदायूं के निवासी बताए गए हैं। इस संबंध में जब थाना प्रभारी बिनावर अरिहंत कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना जारी है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पर लगाए गए राजनीतिक दबाव के आरोपों को सिरे सेखारिज करते हुए कहा कि विवेचना निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर की जा रही है। फिलहाल पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन की नजर बनी हुई है और दोनों पक्षों के दावों के बीच विवेचना के निष्कर्ष का इंतजार किया जा रहा है।

# मोदी सरकार के नेतृत्व में जी–20 से लेकर वैश्विक मंचों तक बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

> ❒ मजबूत हुआ जनश्विास : रजनीकांत माहेश्वरी

बदायूं। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' अभियान के अंतर्गत आर.के.रिसोर्ट में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने संबोधित किया। तथा कार्यक्रम में अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अशोक खुराना ने की। ''विश्वास के 12 वर्ष'' विषय पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा वर्ष 2014 में देश की जनता ने परिवर्तन, सुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ जो विश्वास व्यक्त किया था, वह पिछले 12 वर्षों में और अधिक सुदृढ़ हुआ है। भाजपा ने ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' के मंत्र को शासन की मूल कार्यसंस्कृति बनाया है।

यही कारण है, कि आज समाज का प्रत्येक वर्ग स्वयं को विकास यात्रा का सहभागी महसूस करता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को नई मजबूती मिली है। शासन व्यवस्था में आम नागरिक का विश्वास बढ़ा है तथा जनता और सरकार के बीच संवाद एवं सहभागिता का नया वातावरण बना है। आगे कहा पिछले 12 वर्षों में भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय अस्मिता और सभ्यतागत चेतना को नए आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर स्थापित किया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, जनजातीय गौरव दिवस, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, कर्तव्य पथ, नई संसद भवन, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तथा देश के महापुरुषों को सम्मान देने के प्रयासों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त किया है। उन्होंने कहा आज विश्व भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय साझेदार, जिम्मेदार लोकतंत्र और वैश्विक नेतृत्व क्षमता वाले राष्ट्र के रूप में देख रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की प्रभावी उपस्थिति तक, हर क्षेत्र में देश का बढ़ता सम्मान जनविश्वास की इस मजबूत नींव का प्रमाण है। ''जनकल्याण के 12 वर्ष'' विषय जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा की राजनीति का मूल आधार पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय का दर्शन है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। पिछले 12 वर्षों में इसी सोच के अनुरूप शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित बनाया गया है। ''सबका साथ, सबका विकास'' के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए गरीब, किसान, महिला, युवाओं के उत्थान के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। आगे कहा जनकल्याण को केवल सहायता वितरण तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण से जोड़ा गया है। सरकार की योजनाओं और नीतियों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त करने, युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों को विकास प्रक्रिया का भागीदार बनाने का कार्य किया गया है। तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्थाओं ने जनसामान्य का विश्वास बढ़ाया है तथा यह सुनिश्चित किया है, कि विकास का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। यही कारण है कि आज जनकल्याण की अवधारणा लाभार्थी से आगे बढ़कर सहभागिता और सशक्तिकरण का माध्यम बनी है। ''विकास के 12 वर्ष'' विषय पर प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास की नई परिभाषा गढ़ी है। भाजपा सरकार ने विकास को राजनीतिक घोषणा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प माना है। ''विकास भी, विरासत भी'' तथा ''रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म'' की सोच ने भारत की प्रगति को नई दिशा दी है। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों ने भारत की आर्थिक शक्ति को नई मजबूती प्रदान की है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, आधुनिक रेलवे नेटवर्क, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, हवाई संपर्क का विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक सुधारों ने देश की विकास गति को अभूतपूर्व बनाया है। उन्होंने कहा आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने युवाओं, उद्यमियों और नवाचारकर्ताओं को नए अवसर प्रदान किए हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है। डिजिटल भुगतान, तकनीक आधारित प्रशासन और आर्थिक सुधारों ने भारत को नई प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रदान की है। आगे कहा विकास का वास्तविक अर्थ केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि अवसरों का लोकतंत्रीकरण, प्रतिभा का सम्मान और भविष्य की संभावनाओं का विस्तार है। आज भारत केवल विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज गति से बढ़ती हुई शक्ति के रूप में उभर रहा है। मंच का संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा पर सख्ती, मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिए अहम निर्देश

❒ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंडलायुक्त ने दिए कई सख्त निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में महाराजा सुहेलदेव सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई म हत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### ब्लैक स्पॉट की पहचान कर होंगे सुधार कार्य




मंडलायुक्त ने सभी जनपदों में दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्य क सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही नए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा संकेतक,स्पीडब्रेकर,रंबलिंग स्ट्रि प तथा रिफ्लेक्टर लगाने पर जोर दिया।

### गोल्डन आवर में उपचार पर विशेष जोर

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के भीतर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।साथ ही घायलों की मदद करने वाले राहगीरों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा नित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

### स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

बैठक में विद्यालयों में संचालित वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा हुई।मंडलायुक्त ने सभी स्कूल वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस,चरित्र और पते का सत्यापन कराने के निर्देश दिए।इसके अलावा वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र,बीमा, परमि ट और अन्य दस्तावेजों की नियमित जांच कराने पर भी बल दिया गया।

### चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा समिति गठन के निर्देश

उन्होंने कहा कि स्कूल वाहन चालकों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और प्रत्ये क विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति का गठन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मानकों का प्रभावी ढंग से पालन हो सके।

### स्कूल समय में बदलाव जाम से निपटने की तैयारी

स्कूल खुलने और छुट्टी के समय लगने वाले जाम को देखते हुए मंडलायुक्त ने विद्यालयों के समय में आवश्यक बदलाव करने की संभावना पर विचार करने को कहा।इसके साथ ही स्कूलों के बाहर स्पी ड ब्रेकर निर्माण और अभिभावकों को सड़क सुर क्षा नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया।बैठक में लोक निर्माण विभाग,परिवहन वि भाग समेत विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# उपायुक्त की कार अनियंत्रित होकर टीन शेड में घुसी

❒ कार का एयरबैग खुलने से उपायुक्त की बची जान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जिले में मंगलवार सुबह गोंडा-लखनऊ रोड पर फोर्बिसगंज चौराहे के पास एक बड़ा हादसा टल गया। जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम यादव की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क कि नारे बने एक टीन शेड में जा घुसी।गनीमत रही कि समय पर कार का एयरबैग खुल गया, जिससे कार सवार जिला उद्योग अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य सुरक्षित बच गए।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टीन शेड के नीचे खड़ी एक बाइक और इं जन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है स्थानीय दुकान दारों को काफी नुकसान पहुंचा है।हादसे के बाद कुछ समय के लिए फोर्बिसगंज चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जिला उद्योग अधिका री बाबूराम यादव ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ जरवल से गोंडा लौट रहे थे।उन्होंने कहा कि रास्ते में उन्हें अचानक लगा कि गाड़ी के आगे कोई कुत्ता आ गया है,और उसी दौरान उन्हें नींद की हल्की झपकी आ गई,थी जिसके कारण यह हादसा हुआ।जिला उद्योग अधिकारी बाबू राम या दव ने पुष्टि की कि उनके परिवार के लोग पूरी तर ह सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।उन्होंने यह भी बताया कि वे खुद गाड़ी चला रहे थे,ड्राइवर नहीं था। एयरबैग खुलने के कारण बड़ी जनहानि टल गई,हालांकि गाड़ी को नुकसान पहुं चा है।जिला उद्योग अधिकारी बाबू यादव ने दावा किया कि वे बहुत तेज गति में नहीं थे सामान्य रू प से गाड़ी चला रहे थे।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर साफ सफाई सेवाओं को दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

❒ डीएम ने कहा कि अस्पताल में आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला अस्प ताल एवं मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं,व्यवस्थाओं तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरी क्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई,मरीजों के उपचार, दवा वितरण व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज,मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) जिला अस्पताल को निर्देशित किया कि अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छ वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही कदापि न की जाय। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणव त्तापूर्ण एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा अस्पताल में आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वा स्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनु रूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपल ब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इ सके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के सा थ निर्वहन करें।सभी अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहि तकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदा न किए गए।निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस)जिला अस्पताल डॉ.अनिल तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचा व चोरी की मोबाइल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



गोंडा। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोबाइल और अवैध तमंचा लेकर घूम रहे एक युवक को गि रफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।कोर्ट में पेश कर ने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है,नगर कोतवा ल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार दे र रात पुलिस टीम गशत कर रही थी। तभी गस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त पव न कुमार गुप्ता उर्फ गिल्ली पुत्र स्व. जगराम गुप्ता निवासी बुधईपुरवा पूरे शिवा बख्तावर को रेलवे क्रासिंग सोनी गुमटी पुल के पास से गिरफ्तार कि या गया है।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बराम दगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धारा ओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्य वाही कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# कौड़िया पुलिस ने गुंडों की तरह युवक को पीटा, वीडियो वायरल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । पर पुलिसकर्मियों द्वारा दो युवकों की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो र हा है जिसमे वीडियो में चौकी इंचार्ज के सामने ही पुलिस कर्मी डंडे से युवकों की पिटाई करते दिख रहे हैं,वायरल वीडियो में पुलिसवाले युवको का हा थ पकड़कर बारी-बारी से बुरी तरह से लाठी से पी टते हुए नजर आ रहे हैं।वीडियो में युवक पुलिस से लगा तार खुद को जाने देने की गुहार लगा रहा है।

अंत में युवक गुनाहगार होने की स्थिति में धमकी की गुजारिश करता दिखाई दे रहा है।इसके बावजू द पुलिस उसे सार्वजनिक रूप से बुरी तरह से पीट रही है।युवक के साथ में दो युवक और भी दिखाई दे रहा है।वायरल वीडियो बीती 22 मई का बताया जा रहा है,दरअसल, 22 मई को कौड़िया थाना क्षे त्र के चैनापुर गांव निवासी संजय कुमार ने रमेश, रामेश्वर, अरविंद,पराग, डिंपल,पहलाद के खिलाफ खुद और अपनी पत्नी सुनीता के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

कौड़िया थाने की पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दुबहा चौकी पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।चौकी इंचार्ज के निर्देश पर सिपा ही नीरज सिंह चैनापुर गांव पहुंचे और इन लोगों को पकड़कर दुबहा चौकी लाए थे।चौकी पर पहुं चकर अरविंद, रमेश और महेश ने भी अपने साथ मारपीट होने की शिकायत की और सुनवाई की मांग की।इसी बात से नाराज होकर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रमेश नाम के युवक को होमगार्ड अनुरोध तिवारी से दोनों हाथ पकड़वाए। इसके बाद 2025 बैच के आरक्षी अमन ने लाठी से उसकी पिटाई शुरू कर दी।पांच सेकंड में तीन लाठी मारी,बगल में बैठे पुलिसकर्मी कह रहे हैं कि और मारिए इसके बाद भी होमगार्ड अनिरुद्ध तिवारी उसके दोनों हाथ को पकड़े रहा और और फिर रिक्रूट आरक्षी इन चारों लोगों की एक के बाद एक पिटाई करने के बाद कौड़िया थाने की पुलिस द्वारा शांति भंग में चौबीस घंटे बाद यानी की 23 मई को इन लोगों का चालान किया गया जिसके बाद यह चारों लोगों ने जाकर के अपना - अपना शांति भंग में चालान कराया है।पीड़ित अरविंद ने कॉल पर बातचीत के दौरान कहा कि नीरज सिंह नाम का सिपाही हमें पकड़ कर ले गया था जहां पर इन लोगों से हमें हमारे भाइयों को पिटवाया है। हमारे भी साथ मारपीट हुई थी उसे पर विवाद में लेकिन हम लोगों की कोई नहीं सुनी गई।उल्टा हमें लोगों के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट किया है। 22 मई को हम लोगों को पकड़ कर ले गए थे। 22 मई चौकी पर मारा है। चौकी इंचार्ज भी मौके पर मौजूद थे, उनके सामने मारा गया है और फिर 23 तारीख को हम लोगों का चालान कर दिया है।

कौड़िया थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि कि सी भी व्यक्ति के साथ इस तरीके से मारपीट कर ना गलत है।जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय लुंबिनी कप कराटे प्रतियोगिता में भारत का शानदार प्रदर्शन

❒ बहराइच नानपारा के खिलाड़ियों ने बढ़ाया देश का गौरव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच, नानपारा। नेपाल के लुंबिनी प्रदेश के जिला दांग तुलसीपुर में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल स्कूल लेवल लुंबिनी कप कराटे प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। भारत की इस उपलब्धि में उत्तर प्रदेश के जिला बहराइच के नानपारा क्षेत्र के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा। भारतीय दल के आई एस के एफ चीफ कोच सेंसई सलीम बख्श तथा कोच मोहम्मद फहीम के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोलकाता की खिलाड़ी स्नेहा हलदार ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं बहराइच नानपारा के खिलाड़ी शहरे आलम ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी क्रम में सौरभ वाल्मीकि ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक तथा जान मोहम्मद ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में काता और कुमिते की विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आई एस के एफ कोच मोहम्मद फहीम को प्रतियोगिता में बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। आई एस के एफ चीफ कोच सलीम बख्श ने खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन से विभिन्न देशों के बीच आपसी सहयोग, संस्कृति के आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा मिलता है।

# आर्थिक तंगी में सहारा बना स्पर्श फाउंडेशन, गरीब परिवार की बेटी का कराया विवाह

❒ नारी उत्थान और महिला सशक्तिकरण को सर्मपित है संस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच। ग्रामीण अंचलों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों की शादी एक बड़ी चिंता का विषय होती है। ऐसे ही एक जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए सामाजिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था स्पर्श फाउंडेशन आगे आई है। नारी उत्थान और महिला सशक्तिकरण को समर्पित इस संस्था ने एक अत्यंत गरीब परिवार की बेटी के विवाह के लिए आवश्यक साज-सामान की पूरी व्यवस्था कर समाज के सामने परोपकार की एक नई मिसाल पेश की है।

मामला रिसिया इलाके के ग्राम सिसई सलोन का है, जहाँ के निवासी सुरेश कुमार की पुत्री तृषा का विवाह जनपद श्रावस्ती के रत्नापुर तुरहनी निवासी रंजीत के पुत्र अर्जुन से तय हुआ है। शादी तय होने के बाद भी सुरेश कुमार के माथे पर चिंता की लकीरें थीं, क्योंकि बेहद तंग माली हालत के कारण वह बेटी के दहेज और शादी के जरूरी सामान का इंतजाम नहीं कर पा रहे थे। इस संकट की घड़ी में स्पर्श फाउंडेशन उनके लिए मसीहा बनकर सामने आया और शादी का पूरा जिम्मा अपने कंधों पर ले लिया। संस्था के इस सहयोग से बेबस पिता की चिंता दूर हुई और पूरे परिवार के चेहरे खिल उठे।

फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति बंसल के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने सुरेश कुमार के घर पहुँचकर शादी में काम आने वाली वस्तुएं भेंट की। इन आवश्यक सामग्रियों को पाकर पीड़ित परिवार भावुक हो गया और उन्होंने संस्था का आभार व्यक्त किया। संस्था की अध्यक्ष ज्योति बंसल ने कहा कि हमारे स्पर्श फाउंडेशन की कोशिश है कि हम लोंगों के दिलो को स्पर्श कर पाएं, इसी के मद्देनजर हमने जाना कि हमारे समाज में महिलाओं और बालिकाओं की समस्याएं बहुत गहरी हैं, लिहाज़ा हमारी संस्था उनकी शिक्षा के माध्यम से उन्हें अपने पैरों पर खड़े करने व उनकी शादी की व्यवस्थाओं में उनकी मदद करती है। इसी उद्देश्य को सार्थक बनाते हुए हमने एक एक कदम आगे बढ़ाते हुए एक बच्ची के दहेज की व्यवस्था की है। उनके माता-पिता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था तो हम लोंगो ने उनका सहयोग किया और उनको फर्नीचर, अलमारी, आभूषण व कपड़े इत्यादि दिए। स्पर्श फाउंडेशन के इस पुनीत कार्य की पूरे रिसिया और बहराइच क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समाज के संपन्न लोगों और संस्थाओं को ज्योति बंसल से प्रेरणा लेकर आगे आना चाहिए, ताकि धन के अभाव में किसी भी गरीब की बेटी की विदाई में कोई बाधा न आए। इस अवसर पर श्रद्धा पाण्डेय, सुधा जायसवाल, सुनीता तुलसियान व शिल्पी अग्रवाल आदि का सरहनीय सहयोग रहा।

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

❒ बलहा में तीन दिवसीय अभियान का समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । बलहा ब्लॉक परिसर में केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को लेकर चलाए गए तीन दिवसीय जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान का समापन हुआ। समापन अवसर पर वक्ताओं ने विकास कार्यों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए लोगों को उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने अभियान स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि विकास की योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनके लाभ और पात्रता की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला पदाधिकारी कृपाराम वर्मा, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, अरविंद चौधरी, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश, भाजपा नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, आनंद रस्तोगी, खंड विकास अधिकारी डॉ. राहुल पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी बलहा अरुण वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित पाण्डेय ने किया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने सहभागिता की और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ 18 जून को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा शैक्षिक महासंघ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया माध्यम से जिलाधिकारी के जरिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जाएगी

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसकी अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने आंदोलन का ऐलान किया है।

महासंघ द्वारा ऐसे शिक्षकों को सेवा संरक्षण दिलाने की मांग को लेकर 18 जून को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके माध्यम से जिलाधिकारी के जरिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जाएगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद वर्ष 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के हितों, सेवा सुरक्षा एवं आजीविका की रक्षा के लिए महासंघ कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों की चिंताओं को देखते हुए सरकार से संवेदनशीलता के साथ आवश्यक निर्णय लेने की अपेक्षा है, जिससे शिक्षकों में व्याप्त असमंजस और असुरक्षा की स्थिति का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि महासंघ ने सदैव शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक तरीके से संघर्ष किया है।

इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं से प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

# सेंट जोसेफ स्कूल ने तालाब पर किया अवैध कब्जा, लोगों ने की हटवाने की मांग

**पूर्व में शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने हटवाया था अवैध कब्जा, फिर हुआ पुनः कब्जा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर में संचालित सेंट जोसेफ स्कूल पर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने गाटा संख्या 650 सहित अन्य तालाब की भूमि पर लोहे के एंगल लगाकर वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

लोगों ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन उप जिलाधिकारी सीबी सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा हटवाया था और तालाब को कब्जा मुक्त कराया था। लेकिन कुछ समय बाद स्कूल प्रबंधन ने दोबारा उसी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। इससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों का आरोप है कि तालाब सार्वजनिक संपत्ति है और इस पर कब्जा होने से जल संरक्षण प्रभावित हो रहा है। साथ ही बरसात में जलभराव की समस्या भी बढ़ जाती है।इस संबंध में तहसीलदार आशीष गुप्ता ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जांच करवाई जाएगी और यदि अवैध कब्जा पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए और दोबारा कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी तालाब पर अवैध कब्जा ना कर सके।

## आधी रात की आग ने उजाड़ा कारोबार,थोक किराना दुकान खाक, लाखों की क्षति

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव टंडोला में मंगलवार तड़के एक थोक किराना दुकान में अचानक लगी भीषण आग ने व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया जानकारी के अनुसार गांव निवासी इरशाद अहमद की किराना थोक दुकान सोमवार रात बंद होने के बाद सामान्य स्थिति में थी देर रात करीब तीन बजे ग्रामीणों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख शोर मचाया सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालांकि तब तक दुकान में रखा किराना स्टॉक, खाद्य सामग्री, टॉफियां, बिस्कुट, नमकीन सहित अन्य सामान पूरी तरह जल चुका था आग की चपेट में एक मोटरसाइकिल, चारपाई और अन्य घरेलू सामान भी नष्ट हो गया पीड़ित दुकानदार ने लगभग सात लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। प्रधान प्रतिनिधि सलीम खान ने घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी है। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची लेखपाल ने नुकसान का आकलन करते हुए जांच शुरू कर दी है फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं अचानक हुई इस घटना से व्यापारी परिवार गहरे सदमे में है और गांव में भी घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

# नगर पालिका के सफाई कर्मचारी पर दबंगों का हमला , जातिसूचक शब्दों से किया अपमान

**कूड़ा निस्तारण करने गए चालक को पीटा, जान से मारने की धमकी: कार्रवाई की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के एक सफाई कर्मचारी एवं कूड़ा वाहन चालक के साथ कथित तौर पर मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है पीड़ित ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है मोहित कुमार पुत्र रामकुमार निवासी हबीवगंज गौटिया, पूरनपुर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह नगर पालिका परिषद में कूड़ा वाहन चालक के पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह नगर क्षेत्र से एकत्रित कूड़ा लेकर मुझा रोड स्थित एफआरएफ कूड़ा खाद प्लांट पर पहुंचे थे आरोप है कि वहां पहले से मौजूद ग्राम प्रधान पति सहित कुछ अन्य लोगों ने उन्हें कूड़ा डालने से रोक दिया पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने बताया कि नगर पालिका का कूड़ा वर्षों से इसी स्थान पर डाला जाता रहा है, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि दबंगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया और वहां से वाहन लेकर चले जाने को कहा विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं मोहित कुमार का कहना है कि आरोपियों ने भविष्य में दोबारा कूड़ा डालने आने पर जान से मारने की धमकी भी दी घटना के बाद वह किसी तरह वहां से निकले और पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई इस घटना से नगर पालिका कर्मचारियों और सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मियों में रोष व्याप्त है लोगों का कहना है।कि शहर को स्वच्छ रखने में दिन-रात जुटे सफाई कर्मचारियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार बेहद निंदनीय है यदि सरकारी कार्य कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी तो सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पीड़ित ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है स्वच्छता कर्मियों का सम्मान समाज का सम्मान है। सरकारी दायित्व निभा रहे कर्मचारियों पर हमला न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के उन लोगों के मनोबल पर भी चोट है। जो प्रतिदिन स्वच्छता और जनसेवा के लिए कार्य करते हैं।

# नई बस्ती में बनी नई सड़क का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। मुख्यमंत्री वैश्वीकरण नगरोदय योजना के अंतर्गत नई बस्ती वार्ड संख्या 9 में नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली है।बताया गया कि जिस स्थान पर सड़क का निर्माण कराया गया है, वहां दशकों से सड़क के स्थान पर गहरा गड्ढा था, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क बनने के बाद क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। नई सड़क बनने से नई बस्ती क्षेत्र के निवासियों को रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए एक सुगम और शॉर्टकट मार्ग उपलब्ध हो गया है।लोकार्पण समारोह के दौरान आसपास के निवासियों ने डॉ. आस्था अग्रवाल का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पालिका लगातार कार्य कर रही है और आगे भी जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर सभासद निर्मल सिंह, साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, शिवम श्रीवास्तव, राजेंद्र भारती, रत्ना शुक्ला, विकास बाबू, अवतार सिंह, मोनू मिश्रा, मोहन स्वरूप, पंकज तिवारी, स्वतंत्र देवल, दीप अग्रवाल, हिमांशु जैसवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# समाज हित और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए वरिष्ठ पत्रकार गण सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पत्रकारिता के क्षेत्र में समाजहित, जनजागरूकता और निष्पक्ष समाचार प्रस्तुति के लिए वरिष्ठ पत्रकार इम्तियाज रिजवी, फरीद अहमद अर्शी, विजय प्रकाश तिवारी, राकेश शर्मा, शरद श्रीवास्तव, विजयधर पाठक, आर. के मौर्या और रामराज पाण्डेय को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जर्नीलिस्ट कौंसिल अफ इंडिया की ओर से प्रदान किया गया।

संगठन के मंडल सचिव नीरज तिवारी तथा जिलाप्रभारी रामानंद मिश्रा ने वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, उत्तरदायी और सकारात्मक दिशा देने का सशक्त मंच है। सम्मानित होने के पश्चात पत्रकारों ने अपने कार्यों के माध्यम से जनसरोकारों को प्रमुखता देते हुए सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया है, जिससे आमजन की आवाज को मजबूती मिली है। सम्मान प्राप्त करने के बाद पत्रकारों ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी निष्पक्ष, जनहितकारी एवं जिम्मेदार पत्रकारिता के मूल्यों के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।

# सनातन संस्कृति और गौ संरक्षण के लिए एकजुट हुए युवा, नई टीम का गठन

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े युवाओं और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल की सदस्यता ग्रहण किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल द्वारा पूरनपुर तहसील एवं जनपद पीलीभीत के विभिन्न ग्रामों में लगातार गौ सेवा और सनातन सेवा के कार्य किए जा रहे हैं इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को माधोटांडा-कलीनगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की नई गौ रक्षा टीम का गठन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े युवाओं और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल की सदस्यता ग्रहण कर गौ रक्षा, मठ-मंदिर सुरक्षा, संत एवं ब्रह्म सुरक्षा तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री पंडित राहुल अवस्थी, विशेष सलाहकार आशुतोष यादव, जिला संयोजक गौरक्षा नितिन गुप्ता 'सनी' तथा माधोटांडा-कलीनगर इकाई के प्रमुख दीपक बाथम द्वारा किया गया इस अवसर पर सिमरा से गोलू यादव, रामनगर टीम से देवांश सरकार सहित विभिन्न गांवों के गौ रक्षक भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के डिप्टी सीईओ डॉ. आशीष शर्मा एवं डॉ. नुरुल हुदा शामिल हुए। संगठन की ओर से गौ संरक्षण और पशु सेवा के क्षेत्र में सहयोग देने वाले पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में विकास अग्निहोत्री, जयपाल, सतपाल, रामलखन, धीरू, अनिल, अरविंद, सद्दाम, डॉ. कमल खान, डॉ. अमरेश गंगवार, कमलजीत, वरुण, अजीत सहित अस्पताल स्टाफ के अन्य सदस्य शामिल रहे इस दौरान संगठन में शक्ति यादव, ध्रुव यादव, निखिल शर्मा, अरविंद राणा, राज कश्यप, दीपक कश्यप, मोहित शर्मा, गुड्डू कश्यप, अंकुल, हिमांशु सहित कई युवाओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए संगठन से जोड़ा गया जिला गौरक्षा प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल आने वाले समय में गांव-गांव तक पहुंचकर गौ सेवा, सामाजिक जागरूकता और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करता रहेगा उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

# निषाद आरक्षण के लिए संकल्प यात्रा का ऐलान

**भाजपा को वोट न देने की अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने सोमवार को सुल्तानपुर के अमहट स्थित एक होटल में कार्यकर्ता बैठक कर संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक रणनीति का खाका पेश किया। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने निषाद समाज के मुद्दों को केंद्र में रखते हुए बड़ा आंदोलन खड़ा करने की घोषणा की।

मुकेश सहनी ने कहा कि निषाद समाज के लोग गंगाजल हाथ में लेकर संकल्प लेंगे कि यदि वर्ष 2027 से पहले केंद्र और राज्य सरकार निषाद समाज को आरक्षण लागू नहीं करती है, तो आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन नहीं देंगे। उन्होंने इस अभियान को सामाजिक अधिकारों की लड़ाई बताते हुए प्रदेशव्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू करने का ऐलान किया। प्रेस वार्ता के दौरान सहनी ने संजय निषाद को 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने का खुला न्योता भी दिया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज ने उन्हें नेतृत्व दिया, लेकिन सात वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद समाज के आरक्षण का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया। सहनी ने कहा कि यदि सरकार आरक्षण नहीं देती है तो संजय निषाद को मंत्री पद छोड़कर समाज के पक्ष में खुलकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि संजय निषाद उनके साथ आते हैं तो वे राहुल गांधी और अखिलेश यादव से बातचीत कर उन्हें 'इंडिया' गठबंधन में सम्मानजनक राजनीतिक भागीदारी दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान सहनी ने जाति आधारित गणना की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि देश में जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत पर आरक्षण लागू होना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर रोजगार, महंगाई और काला धन जैसे मुद्दों पर वादे पूरे न करने का आरोप भी लगाया।

मुकेश सहनी ने बताया कि वे वर्तमान में पूरे उत्तर प्रदेश का दौरा कर रहे हैं और पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि 25 जुलाई के बाद पूरे प्रदेश में 101 दिनों की संकल्प यात्रा निकाली जाएगी, जिसके तहत गांव-गांव और टोले-टोले जाकर निषाद समाज को एकजुट करने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका पूरा फोकस सामाजिक एकजुटता और आंदोलन की तैयारी पर है तथा कोई बड़ा राजनीतिक निर्णय 2 नवंबर के बाद लिया जाएगा।

# श्रीमद्भागवत कथा में नागराज के पहुंचने से श्रद्धालु हुए भावविभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। दूबेपुर ब्लक स्थित दिखौली गांव के अति प्राचीन शिव मंदिर परिसर में पूरे अधिमास के दौरान समाजसेवी मनोज सिंह के संयोजकत्व एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे थे।

कथा के दौरान एक ऐसा .श्य सामने आया जिसने मौजूद लोगों को आश्चर्य और श्रद्धा से भर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कथा के मध्य मंदिर के चबूतरे पर एक नाग दिखाई दिया, जिसे लोगों ने आस्था के भाव से नागराज मानते हुए कथा श्रवण के लिए आया बताया। कथा वाचन कर रहे कथापीठाधीश्वर सतीश महाराज ने भी शांत वातावरण में कथा जारी रखी। मौजूद लोगों का कहना है कि पूरे समय नाग किसी को नुकसान पहुंचाए बिना वहीं शांत रहा और श्रद्धालु भी बिना भय के कथा सुनते रहे। आरती सम्पन्न होने के बाद नाग स्वयं वहां से निकलकर खेतों की ओर चला गया। इस घटना को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना रहा और कई श्रद्धालुओं ने इसे शिव .पा एवं धार्मिक आस्था से जोड़कर देखा। हालांकि इस घटना की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। कथा समापन के अवसर पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रह्ण किया।

## मुकदमा वापस न लेने पर महिला पर जानलेवा हमला, छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माधौटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिय खासपुर की रहने वाली माया देवी ने गांव के ही तीन लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला, छेड़छाड़ और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 जून 2026 की शाम करीब सात बजे प्रदीप कुमार पुत्र रामऔतार उसके घर पहुंचा और पहले से दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा विरोध करने पर आरोपी कथित रूप से अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडे और लोहे के हथियार लेकर घर में घुस आया आरोप है कि आरोपियों ने माया देवी पर हमला कर दिया, जिसमें उसके सिर पर लोहे के हथियार से गंभीर चोट लगी पीड़िता का कहना है कि उसके शरीर पर भी कई चोटें आई हैं इतना ही नहीं, प्रदीप कुमार पर छेड़छाड़ करने तथा कपड़े फाड़ देने का भी आरोप लगाया गया है शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे पति पातीराम, पुत्र कमल कुमार और पुत्री नीलम कुमारी को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया घटना के बाद पीड़िता ने थाना माधौटांडा पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## दोस्त के साथ मेला देखने गया युवक रहस्यमय तरीके से हुआ गुम

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कलाँ के रहने वाले आफाक खा पुत्र इकबाल खा ने पूरनपुर कोतवाली पहुँचकर दर्ज कराये मुकदमे मे बताया कि 08 जून को उसके पुत्र आयन उर्फ अन्नू अपने दोस्त अरशलान पुत्र इस्लाम निवासी लोधीपुर अपने साथ बिना बताये घर से बीसलपुर दरगाह पर उर्स मे गया उसी दिन से वह घर वापस नहीं आया और जबकि उसका दोस्त अरशलान अपने घर वापस लौट आया लेकिन अन्नू बापस नहीं लौटा उसके बाद लगातार उसकी खोजबीन करता रहा सभी खास रिश्तेदारी मे भी तलाश कर ली गई पर कही सुराग नहीं लग सका जिसके बाद से लगतार परिवारजनों मे चिन्ता सता रही है प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से अपने पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई फिलहाल मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले की जाँच हर पहलू की जा रही है।

## छह माह से अधूरी सड़क पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, एक सप्ताह में निर्माण न हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगरपालिका चौराहे से थाना पूरनपुर तक करीब 100 मीटर सड़क को लगभग छह माह पूर्व निर्माण कार्य के लिए तोड़ दिया गया था, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है सड़क अधूरी होने के कारण क्षेत्र के व्यापारी, वकील, मरीज, छात्र एवं आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर फैली धूल दुकानों और घरों तक पहुंच रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है वहीं सड़क पर पड़ी गिट्टियां उछलकर राहगीरों एवं वाहनों को नुकसान पहुंचा रही हैं इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे उन्होंने यह भी कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण किसी व्यक्ति या उपकरण को होने वाली क्षति की पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

## खेत की मेड़ को लेकर विवाद, युवक पर लाठी-डंडों से हमला करने के आरोप मे मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खेत की मेड़ को लेकर चल रहे विवाद में एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है पीड़ित ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया ग्राम पिपरिया दुलई निवासी सर्वेश शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी कृषि भूमि मौजा गैरतपुर जप्ती में स्थित है आरोप है कि 14 जून की सुबह करीब 8 बजे जब वह अपने खेत पर पहुंचे, तभी नारायनपुर निवासी महेंद्र सिंह वहां आ गया और खेत की मेड़ भरने की बात कहने लगा सर्वेश के अनुसार उन्होंने कहा कि भूमि विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और बिना न्यायालय के आदेश के कोई कार्य नहीं किया जा सकता आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर महेंद्र सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर उसने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे सर्वेश जमीन पर गिर गए पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने गिरने के बाद भी लात-घूंसों और डंडों से मारपीट जारी रखी किसी तरह जान बचाकर भागने पर आरोपी ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी पीड़ित ने आरोपी को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए कोतवाली पुलिस से मुकदमा दर्ज कराया है।

## कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया विधायक विवेक वर्मा का जन्मदिन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर के लोकप्रिय विधायक विवेक कुमार वर्मा का जन्मदिन बुधवार को कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा के नेतृत्व में शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विवेक वर्मा ने केक काटकर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। पूरे गेस्ट हाउस को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।वरिष्ठ भाजपा नेता गौतम शर्मा ने कहा कि विधायक विवेक वर्मा हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। उनके नेतृत्व में बीसलपुर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। युवा, किसान और व्यापारी सभी वर्ग उनके कार्यों से संतुष्ट हैं।इस मौके पर विधायक विवेक वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और उनके स्नेह से ही उन्हें जनता की सेवा करने की ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हजारीलाल वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रजनीश शर्मा, जितेंद्र शर्मा ,कृष्णपाल सिंह, बलराम सिंह, राकेश गुप्ता, जितेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र गंगवार, रजनीश गंगवार,लीलाधर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में अमेठी के दो सौ कृषकों ने किया प्रतिभाग

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आयोजित मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में जनपद अमेठी के किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आधुनिक बागवानी एवं उद्यानिकी तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। यह गोष्ठी मंगलवार को प्रातः दस बजे से श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय, कठवारा, जनपद रायबरेली में आयोजित की गई। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जनपद अमेठी के लगभग दो सौ कृषकों ने विभाग द्वारा आरक्षित वाहनों के माध्यम से प्रतिभाग किया। गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को उद्यानिकी क्षेत्र में नवीन तकनीकों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना था, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे उन्नत खेती को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। गोष्ठी के दौरान उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा किसानों को फल, सब्जी, मसाला एवं पुष्प उत्पादन से संबंधित आधुनिक तकनीकों, संरक्षित खेती, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस तथा उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध अनुदान एवं लाभों की जानकारी भी किसानों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जनपद अमेठी के तीन प्रगतिशील कृषकों का सम्मान रहा, जिन्हें उद्यानिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं नवाचार आधारित खेती के लिए माननीय उद्यान मंत्री जी के कर-कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पांच-पांच पौधे प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले किसानों में विकास खंड सिंहपुर के ग्राम सिंहपुर निवासी रावत सुरेंद्र बहादुर सिंह शामिल रहे, जिन्होंने पॉलीहाउस में शिमला मिर्च की उन्नत खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया है। इसी प्रकार विकास खंड बाजारशुक्ल के ग्राम मंडवा निवासी चंद्रशेखर शुक्ला को ड्रैगन फ्रूट की सफल व्यावसायिक खेती के लिए सम्मानित किया गया। वहीं विकास खंड बाजारशुक्ल के ग्राम रसूलपुर निवासी विजय कुमार को स्ट्रॉबेरी की खेती में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इन किसानों की सफलता की कहानियों को कार्यक्रम में उपस्थित अन्य किसानों के समक्ष भी साझा किया गया, जिससे कृषकों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी आधारित लाभकारी खेती अपनाने की प्रेरणा मिली। विशेषज्ञों ने बताया कि उच्च मूल्य वाली फसलों एवं संरक्षित खेती तकनीकों को अपनाकर किसान कम भूमि एवं सीमित संसाधनों में भी अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गोष्ठी में शामिल सभी कृषकों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच-पांच पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती है तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में मदद मिलती है। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रहा है तथा किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती अपनाने का आह्वान किया।

## गौरीगंज तहसील में आज मनाया जायेगा किसान दिवस

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में माह जून के तृतीय बुधवार सत्रह जून को किसान दिवस का आयोजन तहसील सभागार गौरीगंज में अपरान्ह बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

## बैनामा की भूमि पर निर्माण को लेकर खूनी संघर्ष में चार लोग घायल

**तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव अंगुरी में बैनामा की भूमि पर निर्माण खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया और भू स्वामी के परिजनों और श्रमिकों समेत चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं। इस घटना के बाद से गांव में तनाव कायम है और अंदर ही अंदर विवाद की चिंगारी सुलग रही है। पुलिस ने आधा दर्जन नामजद लोगों के साथ ही दस पन्द्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की इतिश्री कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव अंगुरी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र स्वयंबर लाल अपनी रजिस्ट्री की भूमि गाटा संख्या 658 की पैमाइश करवाने और हल्का लेखपाल की रिपोर्ट के बाद परिवार के साथ भूमि पर निर्माण कार्य कर रहा था उसी समय गांव के ही कमलजीत सिंह पुत्र दलबहादुर सहित दस पन्द्रह अज्ञात और करीब आधा दर्जन नामजद लोगों के साथ निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच गये और कहा कि उक्त जमीन पर कैसे निर्माण कर रहे हैं तो भू स्वामी ने कहा कि पैमाइश के बाद लेखपाल के द्वारा कहे जाने पर निर्माण कर रहे हैं जिस पर लोग आक्रोशित हो गये और गालियां देते हुये मारपीट करने लगे।

## सम्पादकीय

# महंगा होता इलाज

ऐसे वक्त में जब महंगाई के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा है, नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एन.पी.पी.ए. द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि की इजाजत देना कमजोर वर्गों के लिए 'कंगाली में आटा गीला होना' जैसा है। एन.पी.पी.ए. द्वारा जिन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी गई है, उनमें कुछ कैंसर की दवाएं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। निश्चय ही यह फैसला पब्लिक हेल्थ पॉलिसी से जुड़ी विसंगतियों को दर्शाता है। निस्संदेह, भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका-ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति शृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर-गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे। दरअसल, एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कमी और बढ़ती लागत को कीमत वृद्धि का कारण बताया है। दलील दी गई कि यदि दवा बनाने वाली कंपनियां इनकी उत्पादन लागत नहीं निकाल पाती हैं तो वे खुले बाजार में इन दवाइयों की आपूर्ति बंद कर सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद गरीब तबके की सीमाओं और आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बहरहाल, इस बाबत दी गई दलीलों के बावजूद एक सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता कि इस देश में करोड़ों लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। निर्विवाद रूप से कैंसर के इलाज और बच्चों को बीमारियों से बचाने वाली दवाइयों की कीमतों में पचास फीसदी बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। मरीजों के लिए इलाज के खर्च में दवाओं के अलावा, रोग की जांच, दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक की यात्रा, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च तथा इस दौरान होने वाली आय की हानि भी शामिल होती है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में वृद्धि का अतिरिक्त बोझ उन्हें इलाज और जीवित रहने के बीच कई मुश्किल फैसले लेने को मजबूर कर सकता है। इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में जरूरी दवाइयों को भी शामिल करना चाहिए, जिससे खास सब्सिडी के जरिये गरीब मरीजों को अचानक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाया जा सके। इसके अलावा, दवाइयों की कीमतों से जुड़ी नीतियों की समय-समय पर समीक्षा भी होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि वास्तव में दवाइयों की लागत में कितनी वृद्धि हुई है।

भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका–ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति शृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर–गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे।

# शिक्षा में एक नये युग एवं शैक्षिक क्रांति की आहट

आचार्य महाप्रज्ञ ने इस विचारधारा को और अधिक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने जीवन विज्ञान के रूप में एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा को शरीर, मन, भावना और चेतना के विकास से जोड़ा गया। जीवन विज्ञान ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल होने की तैयारी नहीं दी, बल्कि तनावमुक्त जीवन, भावनात्मक संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा भी प्रदान की। आज जब दुनिया मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक शिक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, तब यह अनुभव होता है कि जीवन विज्ञान जैसी अवधारणाएं अपने समय से बहुत आगे की सोच थीं। आचार्य महाश्रमण ने इस समूची परंपरा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। उनका व्यक्तित्व ज्ञान, साधना, अनुशासन, अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल मस्तिष्क के विकास तक सीमित नहीं रह सकती। उसे मनुष्य के भीतर छिपी नैतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संभावनाओं को भी जागृत करना होगा। इसी कारण उनके नाम पर स्थापित आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जीवन–दृष्टि देने वाले केंद्र बनने की क्षमता रखते हैं।

आज पूरी दुनिया शिक्षा के एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां ज्ञान का विस्तार तो अभूतपूर्व हुआ है, लेकिन जीवन मूल्यों का क्षरण भी उतनी ही तेजी से दिखाई देता है। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न बनाया है, लेकिन मानसिक तनाव, हिंसा, प्रतिस्पर्धा, नैतिक संकट और मानवीय संवेदनाओं के क्षय जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रश्न लगातार गूंज रहा है कि क्या वर्तमान शिक्षा व्यवस्था वास्तव में मनुष्य का निर्माण कर रही है या केवल पेशेवर और उपभोक्तावादी समाज का निर्माण कर रही है? ऐसे समय में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा प्रारंभ की गई आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल की योजना एक नई आशा, नई दृष्टि और नए शैक्षणिक दर्शन के रूप में सामने आई है। यह केवल विद्यालयों की स्थापना की योजना नहीं है, बल्कि शिक्षा को उसके मूल उद्देश्य से जोड़ने का एक महाअभियान है। महासभा ने देशभर में लगभग सौ विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़, गंगाशहर और नोखा तथा गुजरात के भुज में विद्यालयों का निर्माण और शैक्षणिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित हैं। इन विद्यालयों की स्थापना के पीछे केवल आधुनिक शिक्षण संस्थान खड़े करने की भावना नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षा संस्कृति विकसित करने का संकल्प है जो ज्ञान के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ विवेक और सफलता के साथ संवेदनशीलता का समन्वय स्थापित कर सके। तेरापंथ धर्मसंघ की शिक्षा-दृष्टि सदैव व्यापक, मानवीय और दूरदर्शी रही है। इस परंपरा में शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं माना गया, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास का आधार समझा गया है। तेरापंथ के आचार्यों ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाना है। यदि शिक्षा केवल बुद्धि को विकसित करे और हृदय को उपेक्षित छोड़ दे, तो वह अधूरी शिक्षा है। यदि वह ज्ञान तो दे लेकिन चरित्र न बनाए, तो वह समाज के लिए संकट भी उत्पन्न कर सकती है। आचार्य श्री तुलसी ने इस आवश्यकता को बहुत पहले पहचान लिया था। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नैतिकता को सामाजिक जीवन के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास किया। उनका मानना था कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का वास्तविक विकास नैतिक आधार पर ही संभव है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए नैतिक पाठमाला और नैतिक शिक्षा परीक्षाओं का अभिनव प्रयोग प्रारंभ किया। उस समय यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का अभियान था। लाखों विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, अनुशासन, संयम, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की। आचार्य महाप्रज्ञ ने इस विचारधारा को और अधिक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने जीवन विज्ञान के रूप में एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा को शरीर, मन, भावना और चेतना के विकास से जोड़ा गया। जीवन विज्ञान ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल होने की तैयारी नहीं दी, बल्कि तनावमुक्त जीवन, भावनात्मक संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा भी प्रदान की। आज जब दुनिया मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक शिक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, तब यह अनुभव होता है कि जीवन विज्ञान जैसी अवधारणाएं अपने समय से बहुत आगे की सोच थीं। आचार्य महाश्रमण ने इस समूची परंपरा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। उनका व्यक्तित्व ज्ञान, साधना, अनुशासन, अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल मस्तिष्क के विकास तक सीमित नहीं रह सकती। उसे मनुष्य के भीतर छिपी नैतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संभावनाओं को भी जागृत करना होगा। इसी कारण उनके नाम पर स्थापित आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि देने वाले केंद्र बनने की क्षमता रखते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल का मूल मंत्र-ज्ञान, मूल्य और चरित्र है जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता को अभिव्यक्त करता है। आज अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान और कौशल पर तो पर्याप्त ध्यान दिया जाता है, लेकिन मूल्य और चरित्र का पक्ष अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई देता है। परिणामस्वरूप समाज में बौद्धिक प्रगति तो होती है, परंतु नैतिक और मानवीय संकट भी बढ़ते जाते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस असंतुलन को दूर करने का एक सार्थक एवं प्रभावी प्रयास साबित होगा। यहां शिक्षा का लक्ष्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान को विवेक में और विवेक को चरित्र में रूपांतरित करना है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 भी इसी प्रकार की समग्र शिक्षा की आवश्यकता पर बल देती है। नई शिक्षा नीति में बहुआयामी विकास, जीवन कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और समग्र व्यक्तित्व निर्माण को विशेष महत्व दिया गया है। किंतु किसी भी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे व्यवहार में उतारने वाले संस्थान कितने सक्षम हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति के जीवंत और प्रभावी मॉडल बन सकते हैं। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी के साथ-साथ नैतिकता, आत्मानुशासन, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना को भी समान महत्व दिया जाता है। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष और प्रख्यात उद्योगपति महेंद्र नाहटा के अनुसार इस परियोजना को महासभा की प्रमुख शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया है। इन स्कूलों के उद्देश्य एवं उनकी दूरदृष्टि इस योजना को सामान्य विद्यालय परियोजना से कहीं अधिक व्यापक बनाती है। नाहटा का विश्वास है कि आने वाले समय में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल तकनीक के युग में मशीनें अनेक कार्य कर सकेंगी, लेकिन करुणा, संवेदनशीलता, नैतिक निर्णय, मानवीय संबंध और आत्मिक संतुलन जैसे गुण केवल मनुष्य ही विकसित कर सकता है। इसलिए शिक्षा को मस्तिष्क के साथ-साथ हृदय और आत्मा को भी शिक्षित करना होगा। महेंद्र नाहटा का यह विचार अत्यंत महत्वपूर्ण है कि ये विद्यालय भारत की नई शिक्षा नीति को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध करने का माध्यम बन सकते हैं। यहां आध्यात्मिकता का अर्थ किसी धार्मिक संकीर्णता से नहीं है, बल्कि आत्म-जागरूकता, नैतिकता, सहिष्णुता, मानवीय एकता और आंतरिक संतुलन से है। यह दृष्टिकोण आज के वैश्विक समाज की भी आवश्यकता है, क्योंकि विश्व के अनेक विकसित देशों में शिक्षा सुधार की चर्चाओं का केंद्र मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और मूल्य आधारित जीवन बनता जा रहा है। आज शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह विद्यार्थियों को सफल तो बना रही है, लेकिन संतुष्ट नहीं; बुद्धिमान तो बना रही है, लेकिन संवेदनशील नहीं; सक्षम तो बना रही है, लेकिन चरित्रवान नहीं। परिणामस्वरूप समाज में तनाव, अवसाद, हिंसा, असहिष्णुता और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में शिक्षा के ऐसे मॉडल की आवश्यकता है जो मनुष्य को केवल प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करे। जो उसे केवल करियर नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य भी प्रदान करे। जो उसे केवल कमाना नहीं, बल्कि जीना भी सिखाए। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। यहां विज्ञान और अध्यात्म, आधुनिकता और संस्कृति, तकनीक और नैतिकता, प्रतिस्पर्धा और सहयोग, सफलता और संवेदनशीलता के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। यह दृष्टिकोण भविष्य की शिक्षा का आधार बन सकता है। दुनिया भर में आज ऐसी शिक्षा की खोज हो रही है जो विद्यार्थियों को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि विवेकवान और उत्तरदायी नागरिक भी बना सके। भारतीय शिक्षा परंपरा सदियों से इसी आदर्श की पक्षधर रही है। प्राचीन गुरुकुलों से लेकर आधुनिक आध्यात्मिक चिंतन तक, भारतीय दृष्टि ने शिक्षा को मनुष्य के समग्र विकास का माध्यम माना है। यदि आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूलों की यह योजना अपने निर्धारित स्वरूप में विकसित होकर आगे बढ़ती है, तो यह केवल भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए नहीं, बल्कि विश्व शिक्षा जगत के लिए भी एक प्रेरक मॉडल सिद्ध हो सकती है। जिस प्रकार कुछ देशों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, उसी प्रकार भारत मूल्य-आधारित समग्र शिक्षा का वैश्विक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। यह मॉडल बताएगा कि शिक्षा केवल ज्ञान का संचय नहीं, बल्कि जीवन का निर्माण है; केवल सूचना का विस्तार नहीं, बल्कि चेतना का विकास है; केवल करियर की तैयारी नहीं, बल्कि चरित्र की साधना है। कवास्तव में आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूलों की स्थापना को केवल एक शैक्षणिक परियोजना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह आचार्य तुलसी के अणुव्रत आंदोलन, आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन विज्ञान और आचार्य महाश्रमण की अहिंसामूलक एवं मानवीय दृष्टि का सृजनात्मक विस्तार है। यह शिक्षा को पुनः उसके मूल उद्देश्य से जोड़ने का प्रयास है। यह एक ऐसे भविष्य की परिकल्पना है जहां विद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं होंगे, बल्कि मानवता के श्रेष्ठ भविष्य का निर्माण करने वाले केंद्र होंगे। यदि यह सपना साकार होता है तो न केवल भारत की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी, बल्कि विश्व को भी शिक्षा का एक ऐसा मानवीय, नैतिक और आध्यात्मिक मॉडल प्राप्त होगा जो आने वाली पीढ़ियों को अधिक बुद्धिमान, अधिक संवेदनशील और अधिक मानवीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यही इस महान योजना का वास्तविक महत्व, उद्देश्य और भविष्य है। – **ललित गर्ग**

# सनातन व नारी सम्मान पर बड़ी लकीर खींचते योगी

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनीति से ऊपर उठकर सनातन धर्म तथा स्त्री गरिमा तथा सम्मान के हित में बड़ी रेखाएं खींच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी के प्रति सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने केआदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कारों में पले -बढ़े हैं जहां गांव की बेटी -बहन को पूरे गांव की बेटी -बहन माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। बेटियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हो रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर एक्शन भी हो रहे हैं। प्रदेश में नारी समाज को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रवैया दिखाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बुने जा रहे चक्रव्यूह को एक ही झटके में ध्वस्त कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश की बेटी अदिति पर सोशल मीडियापर अभद्र टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जो एक्शन लिया है उसने इस दुखद घटना पर बनाए जा रहे सपा के राजनैतिक नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया है। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह विवाद बड़े राजनीतिक तूफान में बदल रहा था और सपा योगी जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही थी कि, ल्लजिनका खुद का परिवार नहीं वो परिवार का दर्द क्या समझेंगेल्ल तब योगी जी इस घटना के जिम्मेदार लोगों को ढूंढ रहे थे। योगी जी ने अपराधियों पर तुरंत एफआईआर कराने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी बेटी क्यों न हो बेटी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है। यूपी चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ ने अपने इस कदम से सिद्ध कर दिया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मामले में उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इससे सपा मुखिया रक्षात्मक रुख अपनाने को बाध्य हो गए हैं। अब भाजपा सपा के पुराने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर उस पर हमलावर है। जो मुद्दा सरकार को घेरने के लिए तैयार किया जा रहा था उस पर योगी जी की प्रशासनिक और राजनीतिक सूझबूझ का बुलडोजर चल गया है। समाजवादी पूर्व में कई बार नारी सम्मान व उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं । स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने एक बार कहा था कि ल्ललड़के हैं गलतियां हो जाती हैं। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खां जैसे नेता तो कई बार महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। मायावती जी पर तो सपाइयों ने हमला ही बोल दिया था। सपा राज में महिला सुरक्षा की कितनी बुरी स्थिति थी यह हर कोई जानता है। योगी की पाती दे रही सनातन विचार - विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर योगी जी ने एक पाती जारी की है। इस पाती में उन्होंने वृद्धजनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा है कि उम्र के अमृतकाल में वृद्धजनों को अपनत्व की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, दुर्भाग्य से समाज ऐसे समय का साक्षी बन रहा है जब वृद्धजनों को अपनों का दुर्व्यवहार सहना पड़ता है। योगी जी ने आगे लिखा है कि सनातन संस्कृति में माता- पिता और गुरु को साक्षात ईश्वर माना जाता है। पाती में योगी ने एक प्राचीन कथा के माध्यम से इस विषय को समझाया। भगवान शिव- पार्वती ने पुत्र गणेश जी और कार्तिकेय के समक्ष समस्त जगत की परिक्रमा की चुनौती रखी। भगवान गणेश ने माता -पिता को ही संपूर्ण सृष्टि मानकर उनकी परिक्रमा कर ली। उन्होंने भगवान श्रीराम का भी उदाहरण दिया। योगी जी का स्पष्ट कहना है कि सनातन, धार्मिक तथा सामाजिक परंपरा, पारिवारिक संबंधों एवं मूल्यों पर आधारित जीवन शैली है। सनातन में बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने की परंपरा है ऐसा इसलिए क्योंकि वे हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों के धरोहर हैं ।वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कर नहीं बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है।

## सेहत मंत्र

# कच्चा आम खाने से स्वस्थ रहते हैं पेट और लिवर, दूर होगी मोटापे और गैस की समस्या

आम को फलों का राजा कहा जाता है। मगर क्या आपको पता है कि सेहत के लिए पके आम से ज्यादा कच्चे आम (कैरी) फायदेमंद होते हैं। कच्चे आमों का स्वाद खट्टा होता है इसलिए इससे कई तरह के चटपटी डिशेज बनाई जा सकती हैं। कच्ची कैरी विटामिन सी का बहुत अच्छे स्रोत होते हैं। इसके अलावा हरे आम में पेक्टिन बहुत अच्छी मात्रा में होता है, जो पथरी को रोकता है। इसलिए पथरी के मरीजों के लिए कच्चे आम का सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है। कच्चे आम में सिट्रिक, ऑक्सेलिक, सक्सीनिक और मैलाइस नाम के एसिड्स पाए जाते हैं, इसलिए इसका स्वाद खट्टा होता है। आइए आपको बताते हैं कच्चा आम (कैरी) खाने के 5 फायदे। गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक यानी लू का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। कच्चे आम का सेवन करने से आप लू से बच सकते हैं। दरअसल हरे आम पोटैशियम का बहुत अच्छा स्रोत होते हैं इसलिए ये शरीर में सोडियम की मात्रा को कंट्रोल करते हैं और शरीर में पानी की कमी को मेनटेन करते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में कच्चे आम का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गर्मी में आप आम का खट्टा-मीठा पना, कच्चे आम की चटनी, कैरी की सब्जी आदि स्वादिष्ट डिशेज बना सकते हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर ज्यादा खाने, या तेल-मसाले वाला खाना खाने से पेट में भारीपन (पेट फूलना), अपच, कब्ज, पेट दर्द, गैस आदि की समस्या हो जाती है। कच्चे आम फाइबर से भरपूर होते हैं। इसमें मौजूद कई एसिड्स आंतों में जाकर पाचक रस का उत्पादन बढ़ा देते हैं, जिससे पेट से जुड़ी हर समस्या ठीक हो जाती है। गर्मी में आपके आम से बनी डिशेज जरूर खाने चाहिए। आपको जानकर हैरानी होगी कि कच्चे और हरे आम लिवर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। दरअसल कच्चे आम खाने से आंतों की अच्छी तरह सफाई हो जाती है, जिससे बाइल जूस (लिवर में बनने वाला रस) का उत्पादन बढ़ जाता है। इसके अलावा कच्चे आम में विटामिन सी भरपूर होता है, जो शरीर को कैंसर से और हार्ट अटैक से बचाने में मददगार है।

## धर्म मंत्र

# अनोखा और बहुत बड़ा है भगवान शिव का परिवार, कैलास पर है निवास

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि इनके सहचर और सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि बुद्धि तथा शुभ और लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय की पत्नी देवसेना तथा वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है और स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नन्दी पर आरूढ़ होते हैं। स्कन्दपुराण के अनुसार यह प्रसिद्ध है कि एक बार भगवान धर्म की इच्छा हुई कि मैं देवाधिदेव भगवान शंकर का वाहन बनूं। इसके लिए उन्होंने दीर्घकाल तक तपस्या की। अंत में भगवान शंकर ने उन पर अनुग्रह किया और उन्हें अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार भगवान धम्र ही नंदी वृषभ के रूप में सदा के लिए भगवान शिव के वाहन बन गये। बाण, रावण, चण्डी, भृंगी आदि शिव के मुख्य पार्षद हैं। इनके द्वार रक्षक के रूप में कीर्तिमुख प्रसिद्ध हैं, इनकी पूजा के बाद ही शिव मंदिर में प्रवेश करके शिव पूजा का विधान है। इससे भगवान शंकर परम प्रसन्न होते हैं। यद्यपि भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं तथापि काशी और कैलास इनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो ये सर्वदा निवास करते हैं। इनके मुख्य आयुध त्रिशूल, टंक, कृपाण, वज्र, अग्नियुक्त कपाल, सर्प, घंटा, अंकुश, पाश तथा पिनाक धनुष हैं।

## पर्यटन



# हनीमून कप्लस के लिए बनी है कश्मीर की हसीन वादियां

शादी के भीड़-भाड़ वाले माहौल, समाजिक रीति-रिवाज भरी दिनचर्या को निभाने के बाद सभी कप्लस का दिल करता है कि अब अपने जीवन साथी के साथ किसी शांत जगह पर जाकर सुकून भरा कुछ समय बिताया जाए। असल में यही हसीन पल होते है जिन्हें आने वाली जिंदगी के उतार-चड़ाव में याद कर फिर से जीवन में खुशियां भर सकते है। अगर आप भी अपने हनीमून की प्लानिंग कर रहें हैं तो चलिए आज हम आपको हनीमून का बैस्ट डैस्टीनेशन माने जाने वाले कश्मीर की कुछ मुख्य टूरिस्ट अट्रैक्शन्स के बारे में बताते है, जहां आपको जरूर जाना चाहिए। श्रीनगर में आप पहाड़ों पर ट्रैकिंग करने से लेकर वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते है। आप यहां डल झील में स्कीइंग का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही दाचीगम में वाइलड लाइफ सैंचुरी को भी एंजॉय कर सकते है, जहां आप टाईगर से लेकर तरह तरह के पक्षी देखने को मिलेंगे। यहां के मुगल गार्डन भी बेहद खूबसूरत हैं। इसके अलावा आप यहां हजरतबल श्राइन, जामा मस्जिद और शंकराचार्य मंदिर जैसे एतिहासिक इमारतों के दर्शन भी कर सकते हैं। कप्लस के लिए यहां दूर-दूर तक घूमने के लिए बहुत से वॉकिंग ट्रैक्स हैं। अगर यहां घूमने का प्लान बना रहें हैं तो तत्ता पानी में जाकर डुबकी लगाना मत भूलिए। माना जाता है कि यहां गर्म पानी का झरना है, जिसके पानी के छींटे अपने उपर डालने से हमारा शरीर कइ प्रकार के रोगों से मुक्त होता है। कहा जाता है कि 15वीं सदी में जहांगीर अपने पिता अकबर से साथ यहां घूमने के लिए आए थे, जहांगीर को ये जगह इतनी पसंद आई थी कि उन्होंने यही रहने का फैंसला कर लिया था। यहां के गुरुद्वारे, मंदिर, मठ और मस्जिद सबसे ज्यादा आर्कषण का केंद्र हैं। यहां पर स्थित मोहिनेश्वर शिवालय मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है। इन धार्मिक स्थलों पर जाकर आप अपने जीवन की शुरुआत भगवान के आर्शीवाद के साथ कर सकते हैं। कशमीर की यात्रा फूलों के लिए मशहूर गुलमुर्ग जाए बिना अधूरी है। पहले इस इलाके का नाम 'गौरीमर्ग' हुआ करता था। लेकिन 16 वीं सदी से इसका नाम 'गुलमुर्ग' रख दिया गया। गुलमर्ग यानी 'फूलों की घाटी' कर दिया गया। यदि आप में से कोई गोल्फ खेलने के शौकीन हैं तो आपके लिए गुलमुर्ग हसीन वादियों को एंजाय करने के साथ साथ अपने खेल के शौंक को भी पूरा कर सकते हैं।

## तहसील कर्मियों की कार्यशैली पर उठे सवाल

# महादेवा तीर्थ के तालाबों पर नहीं थम रहा अतिक्रमण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। भगवान शिव के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल महादेवा के गौरव पर अतिक्रमण का दाग लग रहा है। लोधौरा गांव स्थित तालाबों पर हो रहे अवैध कब्जे का मामला सामने आने के बाद तहसील प्रशासन की कार्यशैली कटघरे में है। आरोप है कि शिकायत तहसील प्रशासन की ओर से नहीं, बल्कि स्थानीय नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई थी। इसी शिकायत पर जब राजस्व टीम ने जांच की तो तालाबों की भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई।

### जांच हुई, कार्रवाई नहीं

सूत्रों के अनुसार जांच रिपोर्ट में लेखपाल ने स्वयं माना कि गाटा संख्या 152, 426, 901 सहित कई तालाबों की भूमि पर पक्का निर्माण और कब्जा है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर लेखपाल ने अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान को सौंपकर अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि राजस्व संहिता 2006 के तहत तालाब, चकमार्ग और सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने का अधिकार केवल एसडीएम और तहसील प्रशासन को है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत का संकेत है। ह्लअगर कार्रवाई करनी होती तो जेसीबी और पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर कब्जा हटाया जाता। प्रधान को पत्र लिखकर इतिश्री कर लेना प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़ा करता है, एक ग्रामीण ने कहा।

सरकार महादेवा तीर्थ को कॉरिडोर के रूप में विकसित कर रही है। शासन स्तर पर तालाबों और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश बार-बार जारी हो चुके हैं। बावजूद इसके जमीन की कीमतें बढ़ते ही अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। ताजा मामला मंगलवार का है। आरोप है कि काली माता मंदिर के समीप स्थित तालाब में जेसीबी लगाकर मलबा डालकर पटाई शुरू कर दी गई। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद जब तक उच्च अधिकारियों तक सूचना पहुंचती, तालाब का बड़ा हिस्सा समतल कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह काम रसूखदार लेखपाल की जानकारी और संरक्षण में हुआ।

### सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग

सबसे गंभीर बात यह है कि अतिक्रमित भूमि पर बने कई मकान सरकारी आवास योजना के तहत बने हैं। यदि तालाब की भूमि पर आवास स्वीकृत हुए हैं तो यह लेखपाल की मिलीभगत के बिना संभव नहीं माना जा रहा। इससे एक ओर सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है, तो दूसरी ओर सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा मजबूत हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बाराबंकी से मांग की है कि: 1. धारा 67, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के तहत तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाए।

2. तालाब और चकमार्ग की भूमि को चिन्हित कर मूल स्थिति में बहाल किया जाए।

3. दोषी लेखपाल और अन्य राजस्व कर्मियों के खिलाफ विभागीय और आपराधिक कार्रवाई हो।

4. सरकारी आवास योजना के नाम पर तालाब भूमि पर हुई स्वीकृतियों की जांच हो।

अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो महादेवा तीर्थ की पवित्रता और पर्यावरण दोनों नष्ट हो जाएंगे, स्थानीय लोगों ने कहा।

स्मरण रहे कि तशिकायत पर हुई जांच में अतिक्रमण स्वीकार, कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदारी प्रधान पर थोपने का आरोप; काली माता मंदिर के पास आज तालाब जेसीबी से पाटा गया।

### प्रशासन का पक्ष नहीं मिला

इस संबंध में तहसील देवा के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका। महादेवा तीर्थ बाराबंकी का सबसे बड़ा शिव धाम है। यहां फाल्गुन व सावन मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं। मुख्यमंत्री आदित्य नाथ ने महादेवा कॉरिडोर परियोजना के तहत तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई है। ऐसे में तालाबों और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण इस परियोजना के उद्देश्य को ही कमजोर कर रहा है।

# सातवें बड़े मंगल पर बाराबंकी में भक्ति की बयार

## जगह-जगह भंडारे व सुंदरकांड पाठ का आयोजन






**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल के अवसर पर जनपद के रामनगर, निंदूरा, सिद्धौर सहित विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जगह-जगह भंडारे, शरबत वितरण, सुंदरकांड पाठ तथा हवन-पूजन के आयोजन किए गए। पूरे दिन जय बजरंगबली, संकट मोचन हनुमान की जय और बोलो पवनपुत्र हनुमान की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रामनगर कस्बे के पक्के तालाब स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में श्रीमती बिटाना देवी, सुखदेव, गुरुदेव तथा मंदिर के पुजारी अर्जुन मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों की सेवा में लोग जुटे रहे। वहीं सूरज मौर्य के आवास पर भी सुंदरकांड पाठ एवं पूजन-अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। तहसील रामनगर क्षेत्र के रजनापुर स्थित काली माता मंदिर, भुइहारे बाबा स्थान, महादेवा, लोधौरा, हरिनारायणपुर के मां दुर्गा मंदिर तथा एनएच-927 स्थित शुक्ला फिलिंग स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड, हवन और भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, छोले, चावल, बूंदी और शीतल पेय वितरित किए गए। कार्यक्रमों में एसडीएम आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार विपुल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग भी शामिल हुए। निंदूरा विकासखंड क्षेत्र में भी बड़े मंगल पर श्रद्धा का विशेष उत्साह दिखाई दिया। अमरून तिराहे पर एमडी कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हनुमान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, हलवा सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। उधर सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, हटिया बाजार, मील चौराहा, सेमरावां, केसरगंज समेत अनेक स्थानों पर सुंदरकांड पाठ और पूजन-अर्चन के बाद भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को हनुमान प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी, बूंदी एवं शरबत वितरित किया गया। पूरे क्षेत्र में रामभक्त वीर हनुमान के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

# कृषि मंत्री शाही ने किया बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की तरफ से लखनऊ के हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में ज्येष्ठ माह के सातवें मंगलवार के पावन अवसर पर एक भव्य एवं विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया।

यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस धार्मिक एवं सामाजिक उत्सव की शुरुआत श्री हनुमान जी के विशेष पूजन, अर्चन और आशीर्वाद के साथ हुई जो देर सायं श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच निरंतर चलती रही। इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल भंडारे में सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, वन मंत्री अरुण सक्सेना, स्टांप मंत्री रवींद्र जायसवाल, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्य मंत्री मन्नू लाल कोरी तथा महापौर सुषमा खर्कवाल ने सहभागिता की।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, पूर्व सदस्य विधान परिषद केदारनाथ सिंह, भाजपा नेता पारसनाथ राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव, निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह तथा निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबुद्ध वर्ग और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की और इस पुनीत कार्य के लिए आयोजक परिवार को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## रेलवे सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए विशेष गाड़ी का संचालन करेगा

गोरखपुर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी सिपाही भर्ती (केन्द्रीय चयन परिषद), पटना की भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05106 एवं 05112 सीवान-हाजीपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचालन सीवान से 17, 24 एवं 28 जून को करने का निर्णय लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि गाडी संख्या 05106 सीवान-हाजीपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 17, 24 एवं 28 जून को सीवान से 14.00 बजे प्रस्थान कर 17.15 बजे हाजीपुर पहुँचेगी। इस दौरान ट्रेन का ठहराव दुरौंधा , एकमा , छपरा , दिघवारा , परमानंदपुर तथा सोनपुर पर होगा।

## तीन दिवसीय जन-कल्याण शिविर में उमड़ी भीड़, 765 लाभार्थियों ने योजनाओं के लिए कराया पंजीकरण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड सिरौलीगौसपुर परिसर में 14 से 16 जून तक आयोजित तीन दिवसीय जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में कुल 765 लाभार्थियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया और आवेदन किए। शिविर के प्रथम दिन 14 जून को 373, दूसरे दिन 15 जून को 225 तथा अंतिम दिन 16 जून को 167 लाभार्थियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया। तीन दिनों में कुल 765 आवेदन प्राप्त हुए। जन-कल्याण शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, पूर्ति, पंचायती राज तथा बाल विकास समेत विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग के ओपीडी काउंटर, पैथोलॉजी जांच, आयुष्मान कार्ड और एचपीवी टीकाकरण केंद्रों पर सर्वाधिक भीड़ रही। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड, मातृ वंदना योजना, लघु सिंचाई योजना तथा मनरेगा जॉब कार्ड के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना था, जिसमें सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी 765 आवेदनों का विभागवार सत्यापन कराया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं से जोड़ा जाएगा।समापन अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी, डॉ. देव प्रताप सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, 5250 बरामद

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जैदपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते और कुल 5250 नकद बरामद हुए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्कूल खुलते ही बच्चों का हुआ स्वागत, अनुशासन का दिया संदेश



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय मंगलवार को खुल गए। लोधपुरवा और सनावा कंपोजिट विद्यालय में छात्रों का स्वागत किया गया। शिक्षकों ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत बच्चों को अनुशासन, समयबद्धता और पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। लोधपुरवा विद्यालय में 65 में से 18 तथा सनावा विद्यालय में 237 में से 130 छात्र-छात्राएं पहले दिन उपस्थित रहीं।

## एक महिला के पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने की धमकी देने से मची अफरा तफरी

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई में मंगलवार को एक महिला के पानी की टंकी पर चढ़ जाने और आत्महत्या करने की धमकी देने से अफरा तफरी मच गयी।

करीब तीन घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग उसे समझाने में जुटे रहे। महिला का आरोप है कि उसके साथ हुई गंभीर वारदात के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला, जिसके चलते वह यह कदम उठाने पर मजबूर हुई। महिला के मुताबिक गत 10 फरवरी को उसके बच्चों का हरपालपुर कस्बे के रहने वाले राशिद और आमिर के बच्चों से विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर वह आरोपियों के घर उलाहना देने गई थी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय समय परिवर्तन की मांग, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बाराबंकी ने जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग उठाई है। इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किए जाने का अनुरोध किया। संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह, जिला मंत्री उमानाथ मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव तथा जिला आईटी सेल एवं मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान में विद्यालयों का संचालन प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक हो रहा है। भीषण गर्मी और दोपहर में अत्यधिक तापमान के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रहित एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का समय परिवर्तित किया जाना आवश्यक है, जिससे बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके और शिक्षण कार्य भी सुचारु रूप से संचालित हो सके। संघ ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए समय परिवर्तन संबंधी आदेश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर हनुमंत अवस्थी, ब्लॉक मंत्री सिरौलीगौसपुर अनूप अवस्थी, विवेक वर्मा, अंकुर गिरी, गरिमा मिश्रा, आलोक, पवन, देशदीपक, मीडिया प्रभारी जय कुमार, प्रदीप वर्मा, ललित वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण की लापरवाही से जड़ से उखड़कर गिरा नीम का पेड़, टला बड़ा हादसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा, बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर कुर्सी कस्बे के निकट मंगलवार सुबह सड़क किनारे लगा एक नीम का पेड़ अचानक जड़ समेत उखड़कर सड़क पर गिर गया। संयोगवश उस समय वहां कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पिछले करीब दो वर्षों से धीमी गति से चल रहा है। सड़क चौड़ीकरण के साथ फुटपाथ और नाला निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, लेकिन अब तक यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण के दौरान सड़क किनारे से मिट्टी खोद लिए जाने के कारण कई पेड़ों की जड़ें खुल गई हैं।

मंगलवार भोर में इसी कारण फुटपाथ पर स्थित एक नीम का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़ा। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां एक दूध कलेक्शन सेंटर संचालित होता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान दूध लेकर आते हैं। इसके अलावा इस मार्ग से हजारों वाहन गुजरते हैं और स्कूली बच्चों का भी आवागमन रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पेड़ सुबह के व्यस्त समय में गिरता तो गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि कस्बे के कई स्थानों पर पेड़ों की जड़ें मिट्टी कट जाने के कारण बाहर दिखाई दे रही हैं, जिससे भविष्य में भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने और सड़क किनारे खड़े खतरा बने पेड़ों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग सुधारने पर जोर, राजस्व वसूली और भूमि विवाद निस्तारण में तेजी के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड से जुड़े राजस्व विभाग के विभिन्न बिंदुओं, कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों तथा भूमि विवाद निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने वरासत, नामांतरण, खतौनी संशोधन, राजस्व वादों के निस्तारण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार के लिए नियमित अनुश्रवण और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में एक जून से 30 जून तक चलाए जा रहे विशेष भूमि विवाद निस्तारण अभियान की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का त्वरित, पारदर्शी और स्थायी समाधान आमजन को राहत देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर राजस्व और पुलिस विभाग के समन्वय से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामवार और तहसीलवार भूमि विवादों की नियमित समीक्षा करने, सार्वजनिक भूमि, तालाब, चारागाह, खेल मैदान, चकरोड तथा अन्य सरकारी भूमि से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने और अतिक्रमण के मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए नियमित सुनवाई एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजकुमार सिंह, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में कुलदीप और जायसवाल को मिल सकता है मौका

एजेंसी



लखनऊ। भारतीय टीम प्रबंधन अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता है और इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को खेलने का मौका मिल सकता है। भारत ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में आसान जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना रखी है और दूसरे मैच में जीत हासिल करने पर उसे अजेय बढ़त मिल जाएगी। भारतीय टीम हालांकि इससे कहीं आगे की सोच रही है। भारत को विश्व कप से पहले लगभग दो दर्जन मैच खेलने हैं और टीम प्रबंधन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह विभिन्न संयोजनों को आजमाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले मैच से पहले कहा, ''हमारा सारा ध्यान अलग-अलग संयोजन आजमाने और यह देखने पर है कि हमारे लिए वास्तव में क्या कारगर साबित होगा। कुलदीप की हाल की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है क्योंकि वह बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बाएं हाथ का यह स्पिनर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नियमित रूप से खेला, लेकिन उसके बाद से उनके फॉर्म में गिरावट आई है। कुलदीप आईपीएल में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे तथा अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे। इसके अलावा आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के साथ-साथ एशियाई खेलों के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी उनका चयन नहीं हुआ। मुख्य कोच गौतम गंभीर बहुमुखी प्रतिभा वाले क्रिकेटरों को प्राथमिकता देते हैं। वह ऑलराउंडर की बल्लेबाजी क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और ऐसे में स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का टीम में होना निश्चित हो जाता है। इसका मतलब है कि पिछले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हर्ष दुबे की जगह कुलदीप को मौका मिल सकता है। दुबे ने पिछले मैच में तीन विकेट लिए थे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में अनुशासित प्रदर्शन किया था और वह इसे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में पदार्पण करने वाले एक और खिलाड़ी गुरनूर बराड़ ने प्रभावित किया और उन्हें संभवतः एक और मैच खेलने का मौका दिया जाएगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रिंस यादव को ऐसे में अपनी बारी के लिए इंतजार करना होगा।

# फीफा विश्व कप में स्वीडन से 5-1 की हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच बदला, एर्वे रेनार्ड को सौंपी कमान

एजेंसी



लॉस एंजिल्स। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने फीफा विश्व कप में स्वीडन के खिलाफ 5-1 की करारी हार के बाद मुख्य कोच सबरी लामूशी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह फ्रांस के अनुभवी कोच एर्वे रेनार्ड को राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फैसले की आधिकारिक घोषणा सोमवार को ट्यूनीशिया के राष्ट्रीय प्रसारण माध्यम के जरिए की गई। ट्यूनीशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मोएज नस्सारी ने बताया कि एर्वे रेनार्ड के साथ आधिकारिक समझौता हो गया है और वह वर्ष 2026 विश्व कप के अंत तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। रेनार्ड अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने अनुभव और बड़े टूर्नामेंटों में शानदार रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 के विश्व कप में सऊदी अरब को प्रशिक्षित करते हुए उस समय की सबसे बड़ी उलटफेर वाली जीत दिलाई थी, जब उनकी टीम ने बाद में विश्व विजेता बनी अर्जेंटीना को हराया था। इसके बाद वह फ्रांस की महिला फुटबॉल टीम के कोच भी रहे। पूर्व फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सबरी लामूशी ने इसी वर्ष जनवरी में ट्यूनीशिया टीम की कमान संभाली थी, लेकिन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद उनका कार्यकाल जल्द समाप्त हो गया। स्वीडन के खिलाफ भारी हार के बाद अब ट्यूनीशिया के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। टीम अपना अगला मुकाबला शनिवार को ग्रुप-एफ में जापान के खिलाफ खेलेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## ज्योति ने पूरे किए 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्ड खिलाड़ी ज्योति ने मंगलवार को न्यूज़ीलैंड में खेले गए एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप के मुकाबले में जापान के खिलाफ उतरते ही अपने करियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली। इस अवसर पर हॉकी इंडिया ने उन्हें बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। हरियाणा की रहने वाली ज्योति ने वर्ष 2019 में मलेशिया के खिलाफ द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। अपनी मेहनत, अनुशासन और मिडफील्ड में शांत एवं प्रभावी खेल के दम पर उन्होंने भारतीय टीम में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान ज्योति कई बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह उस भारतीय टीम का हिस्सा रहीं जिसने वर्ष 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने प्रो लीग, एशिया कप और अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए ज्योति ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पूरे करना मेरे लिए गर्व का क्षण है और मैं इसे हमेशा याद रखूंगी। मैं अपने परिवार, प्रशिक्षकों, साथी खिलाड़ियों और उन सभी लोगों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने इस यात्रा में मेरा साथ दिया। उन्होंने आगे कहा, हर बार भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरना मुझे देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। इस सफर ने मुझे खिलाड़ी और व्यक्ति दोनों रूपों में मजबूत बनाया है। मैं आगे भी टीम की सफलता में योगदान देना चाहती हूं और कई और यादगार पल बनाना चाहती हूं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने ज्योति को बधाई देते हुए कहा, 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पूरे करना उनकी प्रतिबद्धता, निरंतरता और मेहनत का प्रमाण है। वह भारतीय महिला हॉकी टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी रही हैं और हर अवसर पर देश के लिए समर्पण के साथ खेली हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह उपलब्धि दर्शाती है कि ज्योति ने लंबे समय तक लगातार मेहनत और धैर्य के साथ खेल को आगे बढ़ाया है। उनकी यात्रा युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है, जो भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखते हैं।

## खिताब के बचाव के लिए अल्जीरिया के खिलाफ दमदार शुरुआत करने उतरेगा अर्जेंटीना

**कनसास सिटी (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी जानते हैं कि विश्व कप का फैसला टूर्नामेंट के पहले मैच में नहीं होगा। उनकी टीम ने चार साल पहले यह साबित कर दिया था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2022 में कतर में सऊदी अरब से मिली हार की तरह ही शुरुआत करना चाहता है। अर्जेंटीना ने तब पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की थी। उसने ग्रुप चरण के अपने बाकी बचे दो मैच में पोलैंड और मैक्सिको को हराया, क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया और आखिर में एक और पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराकर अपना तीसरा विश्व खिताब जीता। अर्जेंटीना के अल्जीरिया के खिलाफ 2026 विश्व कप के पहले मैच से एक दिन पहले स्कैलोनी ने कहा, ''हमें पिछले विश्व कप का अनुभव है, इसलिए यह पहला मैच निर्णायक नहीं है। मेरा मतलब है, यह महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पहला मैच ही सब कुछ है। विश्व कप के इतिहास में अभी तक केवल दो देश ही अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं। इटली ने 1938 में और ब्राजील ने 1962 में यह कारनामा किया था। इसका मतलब है कि पिछले 64 साल से कोई भी टीम अपना खिताब नहीं बचा पाई है तथा अर्जेंटीना और उसके स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के लिए यह बड़ी चुनौती होगी। अर्जेंटीना हालांकि इतिहास में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कैलोनी ने कहा, ''हम आश्वस्त और आत्मविश्वास से भरे हैं। हम यहां हैं और यह हमारे लिए बहुत अच्छा समय है। अर्जेंटीना अपने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर चिंतित हैं जिनमें मेस्सी भी शामिल है जो मांसपेशियों में हल्के खिंचाव से जूझ रहे हैं। उनके अलावा निको पाज़ घुटने की चोट से उबर रहे हैं, जूलियन अल्वारेज़ को टखने में चोट लगी है। गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज़ के उंगली में फ्रैक्चर होने के बावजूद शुरुआती लाइनअप में शामिल होने की उम्मीद है। असली सवाल सिर्फ निकोलस टैग्लियाफिको को लेकर है, जो अपने बाएं पांव के पिछले हिस्से में मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद अभ्यास कर रहे हैं। स्कैलोनी ने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ी शानदार हैं। उनमें से कुछ को चोट लगी है और कुछ पूरी तरह से फिट हैं। केवल निको इकलौता खिलाड़ी जिसकी चोट थोड़ा चिंताजनक है। बाकी किसी को भी गंभीर चोट नहीं है। 38 वर्षीय मेस्सी ने दो सप्ताह पहले कनसास सिटी में अर्जेंटीना के बेस कैंप में पहुंचने के बाद से मीडिया से बात नहीं की है, लेकिन अभ्यास सत्र के दौरान आठ बार के बैलोन डीओर विजेता फिट और तनावमुक्त नजर आए। मेस्सी ने पिछले हफ्ते आइसलैंड के साथ एक अभ्यास मैच में 20 मिनट खेलकर और गोल करके अपनी अपनी फिटनेस को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को दूर कर दिया।

## केप वर्डे ने स्पेन को बराबरी पर रोककर उलटफ़ेर किया

**अटलांटा।** विश्व कप में पदार्पण कर रहे छोटे से देश केप वर्डे ने खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोककर मौजूदा फुटबॉल टूर्नामेंट में अब तक का सबसे बड़ा उलटफ़ेर किया। स्पेन की टीम इस मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की उम्मीद से उतरी थी लेकिन इसके विपरीत वह एक भी गोल नहीं कर पाई जो टीम के लिए करारा झटका है। केप वर्डे के लिए स्पेन को बराबरी पर रोकना बहुत बड़ी उपलब्धि है। केप वर्डे के कोच पेड्रो लीटाओ ब्रितो ने कहा, ''यह हमारे देश के लिए बहुत मायने रखता है। हम चाहते हैं कि हर कोई हमारे देश, हमारी टीम को देखे और हमने अच्छे खेल और साहस का परिचय दिया। यूरोपीय चैंपियन स्पेन टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है और अपने पहले मैच में केप वर्डे को हराने के लिए सभी दांव उस पर लगे थे लेकिन कई स्टार खिलाड़ियों से सजी उसकी टीम विपक्षी टीम के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा की अगुवाई वाली मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेद नहीं सकी। दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने वाले किशोर लामिन यामल भी खेल का रुख नहीं बदल सके। केप वर्डे के लिए यह परिणाम जीत से कम नहीं था और खेल समाप्त होने के बाद उनका जश्न इसका सबूत है। केप वर्डे के डिफेंडर स्टीवन मोरेरा ने इसे 'एक सपना' बताया जबकि अनुभवी गोलकीपर वोजिन्हा अंतिम सीटी बजने के बाद फूट-फूटकर रो पड़े। वह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। उन्होंने पहले हाफ के आखिर में फ़ेरान टोरेस, पेड्री और आयमेरिक लापोर्ट के शॉट्स को रोकने के लिए कई शानदार बचाव किए। स्पेन को गोल करने का सबसे करीबी मौका तब मिला जब टॉरेस ने हाफ टाइम से कुछ ही समय पहले क्रास बार पर शॉट मारा। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, ''हमें जीतना चाहिए था।

# एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026: भारत ने जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल-ए के अपने दूसरे मुकाबले में मंगलवार को जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। लगातार दूसरी जीत के साथ भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे और लालरेमसियामी ने गोल दागे, जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल एई हिरामित्सु ने किया। यह मुकाबला भारतीय मिडफील्डर ज्योति के लिए भी खास रहा, जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां मुकाबला खेला। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो सकी और मध्यांतर तक मुकाबला गोलरहित रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने बढ़त बनाई। 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार रणनीति के तहत नवनीत कौर के शॉट को निक्की प्रधान ने सही दिशा दी और कप्तान सलीमा टेटे ने गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि जापान ने तुरंत जवाब दिया और 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हिरामित्सु ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक चौथे क्वार्टर में भारत को जीत दिलाने वाला गोल 49वें मिनट में आया। सुशीला चानू पुखरामबम ने सर्कल के किनारे से सटीक पास दिया, जिस पर लालरेमसियामी ने शानदार डिफ्लेक्शन के जरिए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इस जीत के साथ भारत ने अमेरिका और जापान पर जीत दर्ज कर छह अंक हासिल किए और सेमीफाइनल में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया। अब भारतीय टीम अपना अंतिम पूल मुकाबला 18 जून को उरुग्वे के खिलाफ खेलेगी, जबकि जापान और अमेरिका दूसरे सेमीफाइनल स्थान के लिए भिड़ेंगे।

# टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों की सूची में स्मृति मंधाना एकमात्र भारतीय

न्यूयॉर्क। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को टाइम पत्रिका ने इस वर्ष खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टाइम पत्रिका की 2026 की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं जिन्होंने खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल के दिग्गज लेब्रॉन जेम्स, फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, चीनी-अमेरिकी स्कीयर एलीन गु, टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारा.ज, बास्केटबॉल खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा, दिग्गज गोल्फर रोरी मैकलॉय, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कप्तान तेम्बा बावुमा जैसे खेल जगत के सुपरस्टार शामिल हैं।

# केंद्र ने भारत और खाड़ी देशों के बीच गहरे समुद्र में एनर्जी पाइपलाइन से जुड़ी खबरों को किया खारिज

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ने वाली गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन पर काम कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि उसने ऐसी कई मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है, जिसे कभी-कभी 'मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवॉटर पाइपलाइन' (एमईआईडीपी) कहा जाता है और यह पाइपलाइन गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ेगी। मंत्रालय ने साफ तौर पर कहा कि इस समय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इस प्रोजेक्ट को लेकर ओमान या किसी अन्य खाड़ी देश के साथ मंत्रालय के किसी भी स्तर पर कोई सक्रिय चर्चा या बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने बयान में कहा, कि यह स्पष्टीकरण इस मामले से जुड़ी सभी अटकलों को खत्म करने के लिए जारी किया गया है। पेटोलियम मंत्रालय ने कहा कि एलएनजी जहाज दिशा सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जहाज 62,370 टन द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर आ रहा है। ये जहाज गुजरात राज्य के भरूच जिले में खंभात की खाड़ी के तट पर स्थित प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह शहर दहेज के लिए एलएनजी लेकर जा रहा है।

# टाटा मोटर्स पीवी को चालू वित्त वर्ष में उद्योग में सबसे तेज वृद्धि की उम्मीद: चंद्रशेखरन

नयी दिल्ली। टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स को व्यापक आर्थिक एवं वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में उद्योग में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने का भरोसा है। चंद्रशेखरन ने कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) और उसकी ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन के क्षेत्र में सहयोग जारी रखेंगे। इससे दक्षता बढ़ेगी, सीखने की गति तेज होगी और पूंजी अनुशासन मजबूत होगा। उन्होंने कहा, '' हम वित्त वर्ष 2026-27 में आत्मविश्वास के साथ प्रवेश कर रहे हैं, जो नए उत्पादों और बहु-पावरट्रेन पेशकशों से समर्थित है। हमारा ध्यान उद्योग में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने, सुरक्षा, स्थिरता, गुणवत्ता एवं ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा करने पर रहेगा। साथ ही व्यापक आर्थिक और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत बने रहने पर जोर देंगे। समूह की कंपनियों के बीच तालमेल पर उन्होंने कहा कि टीएमपीवी और जेएलआर विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन में सहयोग जारी रखेंगे जिससे दक्षता बढ़ेगी, सीखने की गति तेज होगी और पूंजी अनुशासन मजबूत होगा। चंद्रशेखरन ने साथ ही कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में वैश्विक स्तर पर तेज प्रगति से परिवहन उत्पादों के डिजाइन, अनुभव और समर्थन के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसी के साथ स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव, सुरक्षा को लेकर बढ़ती अपेक्षाएं एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन प्रतिस्पर्धा को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। भू-राजनीतिक स्थितियां तथा असमान आर्थिक सुधार से और जटिलता बढ़ रही है, जिससे लचीलापन एवं मजबूती बेहद महत्वपूर्ण क्षमताएं बन गई हैं।''

# वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी,बाजार विविधीकरण से निर्यात वृद्धि को मदद: विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के वस्तु निर्यात में 18 प्रतिशत की वृद्धि भारतीय कंपनियों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी और निर्यात बाजारों के विविधीकरण को दर्शाती है। विशेषज्ञों ने मंगलवार को यह बात कही। मई में भारत का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर के छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब डॉलर हो गया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय निर्यात समिति के सह-प्रमुख और पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि निर्यात में वृद्धि भारतीय उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता तथा वैश्विक बाजारों द्वारा भारतीय उत्पादों पर बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के पहले दो महीनों में निर्यात में हुई स्वस्थ वृद्धि भारतीय उद्यमों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय मांग में बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-मई अविध में निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत बढ़कर 145.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इस अवधि में व्यापार घाटा 56.44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। बुधिया ने कहा, '' बाजार पहुंच, व्यापार सुगमता तथा निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर निरंतर ध्यान देना इस गति को बनाए रखने और वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को और मजबूत करने के लिए आवश्यक होगा। फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (फियो) के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि अप्रैल-मई 2026-27 के दौरान भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, चीन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, बांग्लादेश, तंजानिया, जर्मनी और सऊदी अरब शामिल रहे।

# सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी ने लगाई छलांग

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 2,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 2,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मजबूती आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,65,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# देश के युवा विकसित भारत का लक्ष्य साकार करने की सबसे बड़ी शक्ति: ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के युवाओं से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के युवा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सबसे बड़ी शक्ति हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने मंगलवार को संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में विकसित भारत युवा संसद 2026 के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं का दृढ़ संकल्प, नवोन्मेषी सोच और नेतृत्व क्षमता 2047 के भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आने वाले वर्षों में भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार में विश्व का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि आज, पूरी दुनिया भारत के युवाओं को आशा, आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं के प्रतीक के रूप में देखती है।विकसित भारत के स्वप्न की सामूहिक प्रकृति पर बल देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकसित




भारत का सपना किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की आकांक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना 140 करोड़ भारतीयों का साझा राष्ट्रीय संकल्प है। बिरला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक इस लक्ष्य को हासिल करने की जिम्मेदारी काफी हद तक आज के युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की ऊर्जा, नवाचार, साहस और दृढ़ संकल्प ही विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे शक्तिशाली क्षमता सिद्ध होंगे। इससे पहले केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। मांडविया ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया। प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने एक कठिन चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर उनके लिए सौभाग्य की बात हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव पल्लवी जैन गोविल, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह और अपर सचिव (युवा कार्यक्रम) नितेश मिश्र सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में देशभर के 757 विश्वविद्यालयों और संस्थानों से चयनित युवा प्रतिनिधियों ने भागीदारी करते हुए विकसित भारतअ2047 की परिकल्पना पर अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 15-17 जून तक विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को परिपुष्ट करना और शासन, नीतिगत विचार-विमर्श और संसदीय कामकाज का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

# ईरान समझौता पश्चिम एशिया की पूरी तरह बदल सकता है सूरत : जेडी वेंस

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ नये समझौते की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि ट्रंप प्रशासन ने इस समझौते के जरिये अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल कर लिया है, जो आने वाले दशकों में पूरी तरह पश्चिम एशिया की सूरत बदल सकता है।

वेंस ने एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे लगता है कि यह अमेरिका के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक क्षण है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से राष्ट्रपति के नेतृत्व और पूरी टीम की कड़ी मेहनत को जाता है। इस बीच, अमेरिका ने साफ किया है कि समझौते के तहत ईरान को अमेरिकी करदाताओं का एक भी पैसा नहीं दिया जायेगा, लेकिन यदि ईरान शर्तों का पालन करता है तो प्रतिबंधों में राहत देकर अन्य देशों के लिए वहां निवेश के रास्ते खोले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ईरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर से शामिल होता है, तो आर्थिक अवसर जरूर सामने आ सकते हैं। श्री वेंस ने कहा, ''हमने जो कहा है वह यह है कि कई प्रतिबंधों को हटाने और ईरान को वापस वैश्विक अर्थव्यवस्था में शामिल करने से अमेरिका को काफी आर्थिक लाभ होगा। इसमें अमेरिकी पैसा शामिल नहीं होगा, लेकिन इससे भारी आर्थिक समृद्धि आ सकती है।''

इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि रविवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर किये हैं, जबकि ईरान की ओर से वहां की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गलिबाफ ने दस्तखत किये हैं।

इस समझौते का मसौदा जल्द ही जारी किया जायेगा। इसके बाद तकनीकी चर्चाओं का अगला दौर खुद उपराष्ट्रपति वेंस के नेतृत्व में शुरू होगा।

# राज्य की जनता आज भी ममता बनर्जी एवं पार्टी नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ी है: तृणमूल

एजेंसी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पार्टी से अलग हुए एक गुट पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि राज्य की जनता आज भी सुश्री ममता बनर्जी और पार्टी नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ी है।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सदस्य सौगत रॉय ने मंगलवार को जारी एक बयान में पार्टी के वर्तमान स्वरूप और अलग हुए गुट के बीच बड़ा अंतर बताया। उन्होंने इसे 'तृणमूल टीम' बनाम 'गद्दार टीम' की लड़ाई करार देते हुए दावा किया कि अलग हुए इस गुट के पास न तो कोई जन-समर्थन है और न ही इसकी कोई राजनीतिक प्रासंगिकता बची है।

श्री रॉय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की पहचान आज भी उसके लोकप्रिय चुनाव चिह्न 'जोड़ा फूल' से है और इसका नेतृत्व सुश्री बनर्जी कर रही हैं, जबकि विरोधी गुट ने एक अलग नाम और चुनाव चिह्न अपना लिया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि तृणमूल विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का एक प्रमुख घटक बनी हुई है, जबकि प्रतिद्वंद्वी गुट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ जुड़ा हुआ है।

वरिष्ठ सांसद ने हालिया विधानसभा चुनावों में तृणमूल के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, लूटपाट और जबरदस्ती करने के बावजूद, तृणमूल को बंगाल में 41 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

यह तीखी बयानबाजी तृणमूल और उन पूर्व नेताओं के बीच चल रहे राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा है, जिन्होंने पार्टी से अलग होकर अपनी नयी राजनीतिक पहल शुरू की है। तृणमूल लगातार ऐसे नेताओं पर पार्टी की विचारधारा और जनादेश के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाती रही है। पार्टी का मानना है कि सुश्री बनर्जी आज भी पश्चिम बंगाल में निर्विवाद राजनीतिक शक्ति बनी हुई हैं।

यह ताजा घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में बढ़ते राजनीतिक मुकाबले को दर्शाता है। तृणमूल खुद को भाजपा और राजग के खिलाफ सबसे प्रमुख विपक्षी ताकत के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है, साथ ही वह अपने मतदाताओं के बीच अपनी पैठ को और मजबूत करने के प्रयासों में जुटी है।

श्री रॉय की यह टिप्पणी उन हमलों का हिस्सा है, जिनमें तृणमूल कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़ने वाले अपने पूर्व सहयोगियों पर निशाना साध रहे हैं।

# राम मंदिर चंदा घोटाले के लिए मोदी जिम्मेदार : कांग्रेस

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराएं मामले की जांच

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर में चंदे में कथित घोटाले की उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में समयबद्ध जांच कराने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि अयोध्या में जमीन, निर्माण और चंदे से जुड़े सभी कथित घोटालों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिम्मेदार हैं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी नेता आराधना मिश्रा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि अयोध्या में शुरू से ही भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले सामने आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जमीन के सौदों को लेकर विवाद हुए, फिर मंदिर निर्माण को लेकर सवाल उठे और अब चंदे में कथित घोटाले का मामला सामने आया है, जिससे लोगों की आस्था को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लोगों की आस्था के साथ छल किया है तथा धर्म के नाम पर सौदा किया जा रहा है। उनका कहना था कि श्रीराम जन्मभूमि को लेकर सामने आ रही जानकारियां दर्शाती हैं कि एक संगठित लूट हुई है, जिसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं और इसकी ओर इशारा भाजपा के पूर्व सांसद भी कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का अध्यक्ष पूर्व नौकरशाह नृपेंद्र मिश्रा को बनाया गया, जो पांच वर्ष तीन माह तक प्रधानमंत्री मोदी के प्रमुख सचिव रहे थे। ट्रस्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गईं, जिनमें चंपत राय और अनिल मिश्रा भी शामिल हैं। ट्रस्ट से जुड़े कुछ लोग पहले भी विवादों में रहे हैं और इस पूरे मामले की जवाबदेही प्रधानमंत्री पर बनती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन यह स्वीकार करने जैसा है कि मामले में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि पहले शिलापूजन के नाम पर बड़े पैमाने पर धन एकत्र किया गया, जिसका कोई लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि 1400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के दुरुपयोग के आरोप हैं और विश्व हिंदू परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल के समय एकत्र की गई धनराशि का भी हिसाब सामने आना चाहिए। उनका कहना था कि भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों ने लोगों की आस्था और भगवान को चढ़ाये गए धन का दुरुपयोग किया है। उनका कहना था कि अयोध्या में संगठित तरीके से लूट हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने एसआईटी की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी निगरानी ऐसे अधिकारी को सौंपी गई है, जिनके खिलाफ महाकुंभ में हुई भगदड़ से जुड़े मामले में जांच चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल खानापूर्ति कर रही है। उनका कहना था कि एसआईटी की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक की जानी चाहिए और पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की देखरेख में करायी जानी चाहिये। राम मंदिर ट्रस्ट में शंकराचार्यों तथा अन्य प्रमुख धार्मिक नेताओं को भी स्थान दिया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि राम जन्मभूमि परिसर के आसपास भूमि आवंटन और निर्माण कार्यों को लेकर पहले भी कई विवाद सामने आ चुके हैं, लेकिन उनकी जांच का परिणाम सार्वजनिक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पहली बरसात में ही मंदिर परिसर में पानी टपकने और जमीन धंसने जैसी शिकायतें सामने आई थीं। उन्होंने दावा किया इधर 1200 राम शिलाओं के गायब होने की बात सामने आ रही है और इन सभी मामलों की समग्र जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# जी 7 देशों के आउटरीच सत्र से पहले ट्रंप सहित अनेक नेताओं से मिले मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। फ्रांसिसी शहर एवियन में जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र शुरू होने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित अनेक सदस्य देशों के नेताओं के साथ संक्षिप्त मुलाकात की। आयोजन स्थल पहुंचने पर मेजबान देश फ्रांस के राष्ट्रपति इनैमुअल मैक्रों ने श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने बैठक से पहले जी-7 नेताओं के साथ दृष्टिकोण साझा किये। उन्होंने इन क्षणों की तस्वीर भी साझा की। प्रधानमंत्री ने लिखा ,'' आज दोपहर एवियन में जी- 7 शिखर सम्मेलन की कार्यवाही शुरू होने से पहले जी -7 नेताओं के साथ दृष्टिकोण साझा करना हमेशा ज्ञानवर्धक होता है।'' श्री मोदी ने श्री ट्रंप से भी मुलाकात की और दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। दोनों के बीच यह मुलाकात 16 महीने बाद हुई है। इससे पहले दोनों नेता पिछले वर्ष अमेरिका में मिले थे। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने श्री मैक्रों द्वारा श्री मोदी का स्वागत किये जाने का फोटो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि ये नेता दुनिया की भलाई के लिए एक मंच पर एकत्र हुए हैं। मंत्रालय ने लिखा ,'' दुनिया की भलाई के लिए साथ आना। राष्ट्रपति मैक्रों ने एवियन में जी 7 समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। कुछ दिन पहले नीस में हुई सार्थक द्विपक्षीय बातचीत को आगे बढ़ाते हुए, दोनों नेता अब बहुपक्षीय स्तर पर अपनी बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों नेताओं ने फिर से कहा कि भारत-फ्रांस की साझेदारी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और एक ज़्यादा समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में मिलकर काम कर रही है।''

# दुनिया के आधे बच्चे हीटवेव, तूफान, बाढ़ जैसे जलवायु खतरों की जद में: रिपोर्ट

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दुनिया के आधे बच्चे इस वक्त कम से कम तीन ऐसे जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं जो उनकी सेहत, शिक्षा और जीवन के लिए खतरा हैं। यूनिसेफ की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु संकट के बिगड़ने के साथ ही बच्चे हीटवेव, तूफान, बाढ़ और सूखे जैसे बढ़ते खतरों का सामना कर रहे हैं। एक अरब से अधिक बच्चे इनमें से कम से कम तीन खतरों का एक साथ सामना कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कई तस्वीरें भी जारी की हैं। एक चौंकाने वाले फुटेज में पापुआ न्यू गिनी के बच्चों को स्कूल जाने के लिए मगरमच्छों से भरी नदी को तैरकर पार करते हुए दिखाया गया है। भारी बारिश के दौरान पैदल पुल बह जाने की वजह से बच्चे ऐसा करने को मजबूर हुए। यूनिसेफ की 'चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट' के अनुसार बढ़ता तापमान और खराब मौसम इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक दबाव डाल रहे हैं। रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि मुख्य सड़कों और पुलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिसका स्थानीय समुदाय पर गंभीर असर पड़ रहा है। दुनिया भर में लगभग हर बच्चा कम से कम एक खतरे का सामना कर रहे हैं, जबकि 12.3 करोड़ बच्चे ऐसे इलाकों में रह रहे जो जिंदगी में छह से अधिक खतरों का सामना करते हैं। बड़ी बात यह है कि विकसित देशों के बच्चे भी इसी तरह के संकट का सामना कर रहे हैं। यूनिसेफ ने युवाओं पर जलवायु से जुड़े आठ खतरों के असर का विश्लेषण किया है। इसमें तटीय बाढ़, सूखा, अत्यधिक गर्मी, आग, हीटवेव, नदी में बाढ़, रेत और धूल भरी आंधी, और उष्णकटिबंधीय तूफान शामिल हैं। अफ्रीका का साहेल इलाका दुनिया भर में सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में से एक है, जहां 40 लाख से ज्यादा बच्चे हीटवेव, अत्यधिक गर्मी और रेत व धूल भरी आंधी के तिहरे खतरे का सामना कर रहे हैं। भारत, बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान जैसे एशियाई देशों के बच्चे दुनिया में कहीं और की तुलना में अधिक जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं। अधिक आय वाले देश भी जलवायु से जुड़े एक साथ कई झटकों से अछूते नहीं हैं। उदाहरण के लिए, इटली में 60 लाख से ज्यादा बच्चे लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव और सूखे का सामना कर रहे हैं। कैथरीन रसेल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, यूनिसेफ ने कहा कि हीटवेव, जंगल की आग, सूखे और बाढ़ के असर से बच्चों की जिंदगी में उथल-पुथल हो रही है। दुनिया के आधे बच्चे अब कम से कम तीन ऐसे जलवायु खतरों के साथ जी रहे हैं जो एक-दूसरे से जुड़े हैं और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डाल रहे हैं ग्लोबल कोएलिशन टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक की रिपोर्ट के मुताबिक 2024 और 2025 में दुनिया भर में शिक्षा पर हमलों में 40% की बढ़ोतरी हुई है।

# अल-नीनो से निपटने की रणनीति, हर हफ्ते होगी बैठक : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश के जिन राज्यों में अल-नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां के चिह्नित जिलों के जिला अधिकारियों, कृषि विभाग, केवीके और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जायें।

उन्होंने कहा कि इन बैठकों में जिला स्तर पर पूरी स्थिति स्पष्ट कर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाये, ताकि हर किसान को यह पता रहे कि उसके क्षेत्र के लिए कौन-सी सावधानियां और कौन-से फसल विकल्प अधिक सुरक्षित हैं। वह यहां उच्च स्तरीय साप्ताहिक कृषि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बैठक में खरीफ 2026 के लिए देशभर की तैयारियों की समीक्षा के साथ ही, संभावित अल-नीनो परिस्थितियों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कपास उत्पादन बढ़ाने, दलहन में आत्मनिर्भरता और कम बारिश वाले जिलों के लिए अग्रिम आकस्मिक योजना पर विशेष जोर देते हुए साफ संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में किसान हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अल-नीनो की संभावित स्थिति पर चर्चा करते हुए श्री चौहान ने साफ निर्देश दिया कि जिन जिलों में कम बारिश या वर्षा में असमानता की आशंका है, वहां पहले से पूरी तैयारी की जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे जिलों की स्पष्ट पहचान कर राज्य सरकारों के साथ मिलकर फसलवार आकस्मिक योजना तैयार किये जायें, ताकि किसी भी मौसमीय चुनौती की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि पानी के संरक्षण, नमी प्रबंधन, अंतराफसली और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर विशेष ध्यान देते हुए, हर जोखिम वाले जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति बनाई जाये। श्री चौहान ने यह भी कहा कि खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के बजाय, वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर शांत, भरोसेमंद और समाधान-उन्मुख संदेश किसानों तक पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में खरीफ 2026 के लिए फसलवार लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कपास उत्पादन बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। श्री चौहान ने वैज्ञानिक तरीकों, सही किस्मों के चयन, अंतराफसली खेती, मल्चिंग और नमी संरक्षण जैसे उपायों को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि कपास की उत्पादकता और आय दोनों में सुधार हो। बैठक में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। श्री सिंह ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि अरहर, उड़द, मूंग जैसी दालों में देश अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बने और आयात पर निर्भरता कम हो। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर फसल चक्र, क्षेत्र विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसान सुरक्षित आय के साथ दलहन उत्पादन बढ़ा सकें।

# पेज एक का शेष

## एनटीए ने टेलीग्राम पर...

की निष्पक्षता बनाए रखना है। एनटीए ने आश्वस्त किया है कि नीट(यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी और परीक्षा की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित है। एजेंसी ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें तथा केवल आधिकारिक वेबसाइट और एनटीए के सत्यापित माध्यमों से ही जानकारी प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर देने की सलाह भी दी गई है।

## कफ सीरप की...

की सर्वोच्च वैधानिक संस्था ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी) के साथ परामर्श और जनता से प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद ही इस संशोधन को अंतिम रूप दिया गया है। समझा जाता है कि यह निर्णय हाल के वर्षों में कई देशों में कफ सिरप में मिलावट के कारण बच्चों की मौत की खबरों के बाद आया है। सरकार ने कहा कि इस बदलाव के पीछे मकसद यह है कि लोग खुद खरीदकर कप सीरप का इस्तेमाल न करें तथा डॉक्टर की सलाह पर ही लें। साथ ही मेडिकल स्टोर से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वह बिना पर्ची के कफ सीरप की बिक्री न करें।

## बीएड की प्रवेश...

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 का परिणाम जारी किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी ने लगातार चौथी बार प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया है। राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उच्च शिक्षा मंत्री ने परिणाम की घोषणा की। अलीगढ़ के ही नितिन पचौरी ने 352.66 अंक हासिल कर दूसरा, जौनपुर की मिश्रा खुशी अजय ने 349.32 अंक पाकर तीसरा और वाराणसी की प्रिया पटेल ने 341.99 अंक पाकर चौथा और वाराणसी की ही प्रगति तिवारी ने 340.66 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बिना पेपर लीक हुए व नकल विहीन प्रवेश परीक्षा आयोजित करने पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग कर नकल रोकी गई। सफल अभ्यर्थियों को उन्होंने बधाई दी और कहा कि माता-पिता व गुरु के ऋण को चुकाने का प्रयास करें। राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करें। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय, डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह व प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन टाइगर पर...

चरण में है और वे संसद के मानसून सत्र से पहले शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया पर पिछले एक महीने से काम चल रहा है। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अनिल देसाई ने इन अटकलों को निराधार बताते हुए कहा कि सभी सांसद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में विश्वास रखते हैं और किसी पर कोई दबाव नहीं है। वहीं, पार्टी सांसद संजय राउत ने भी सांसदों के टूटने की खबरों को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई बैठक में सभी नौ सांसदों ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व पर भरोसा जताया था। राउत ने दावा किया कि कुछ नेताओं ने अपने परिजनों की कसम खाकर भी समर्थन व्यक्त किया। राउत ने 'ऑपरेशन टाइगर' के जवाब में 'ऑपरेशन वुल्फ' शुरू करने की बात कही और कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह एकजुट है। दूसरी ओर, शिवसेना नेता शायना एनसी ने कहा कि उनकी पार्टी किसी दल को तोड़ने में रुचि नहीं रखती। उन्होंने दावा किया कि एकनाथ शिंदे की लोकप्रियता के कारण लोग स्वेच्छा से शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। भाजपा नेता प्रकाश रेड्डी ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) नेतृत्व और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधा। रेड्डी ने आरोप लगाया कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे सत्ता की चाहत में पार्टी की मूल विचारधारा से भटक गए हैं।

## भवानीपुर चुनाव...

हार को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने स्वीकार नहीं किया था। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी की जीत को सीधे कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। ममता बनर्जी का आरोप था कि वोटों की गिनती में धांधली की गई है, इसलिए उन्होंने नंदीग्राम में फिर से मतगणना कराने की मांग की थी। इस हाई-प्रोफाइल मामले के शुरुआती जज ने ममता बनर्जी पर अदालत का समय खराब करने के आरोप में ?5 लाख का जुर्माना भी लगाया था, जिसके बाद मामले की सुनवाई दूसरी बेंच को सौंप दी गई। यह कानूनी लड़ाई आज भी अदालत में जारी है, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इतिहास ने खुद को दोबारा दोहराया है। हाल ही में हुए 2026 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को भवानीपुर सीट से भी हरा दिया है। इस नई हार के बाद ममता बनर्जी ने एक बार फिर चुनावी नतीजों को खारिज करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में दूसरी याचिका दायर कर दी है। इसके चलते अब उच्च न्यायालय में ममता बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी के दो अलग-अलग चुनावी विवादों पर एक साथ कानूनी सुनवाई चल सकती है।

## टीएमसी मामले ...

जाएगी ताकि लोकसभा अध्यक्ष का फैसला न्यायिक समीक्षा की कसौटी पर खरा उतर सके। बता दें कि रविवार को तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए सांसदों ने एनसीपीआई में विलय की घोषणा की और लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग को लेकर बिरला से मुलाकात की। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को कहा कि अभिषेक बनर्जी को बिरला के साथ मुलाकात के लिए सिर्फ दो घंटे पहले सूचित किया गया और यह संदेश भी उस वक्त भेजा गया जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनसे पूछताछ कर रहा था।

# देहरादून गढ़ी कैंट स्थित कंट्रोल रूम से चार धाम यात्रा पर पैनी नजर, समस्याओं का भी हो रहा समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के गढ़ीकैंट स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर अहम भूमिका निभा रहा है।

अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह कंट्रोल रूम 24 घंटे पांचो धामों में कैमरे से यात्रियों की निगरानी के साथ उनकी समस्याओं के तुरंत समाधान और यात्रा संचालन की सतत मॉनिटरिंग में अहम किरदार साबित हो रहा है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिया है, जबकि 36 लाख से अधिक यात्रियों ने पांचो धाम के दर्शन कर लिए हैं। कंट्रोल रूम में 35 से अधिक कार्मिक चार शिफ्टों में कार्य करते हुए यात्रा से जुड़ी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। साथ ही उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्तर पर भी कंट्रोल रूम के चार सदस्य यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित कंट्रोल रूम ने अब तक 45 हजार से अधिक शिकायतों एवं पूछताछ का सफल निस्तारण किया जा चुका है। इनमें हेलीकॉप्टर सेवा से संबंधित 4,469, यात्रा पंजीकरण से जुड़ी 31,942, वाहन पंजीकरण की 1,370, बीकेटीसी की पूजा व्यवस्था संबंधी 270, जीएमवीएन टूर से जुड़ी 261 तथा अन्य 785 शिकायतों का त्वरित समाधान शामिल है। केंद्र में मौसम विभाग के द्वारा दी जा रही सटीक जानकारी को यात्रा का रजिस्ट्रेशन करा चुके श्रद्धालुओं को व्हाट्सएप के माध्यम से भी दी जा रही है। वही दूसरी ओर इस बार यात्रा में आधार आधारित पंजीकरण व्यवस्था लागू होने से फर्जी रजिस्ट्रेशन पर प्रभावी रोक लगी है, जिससे यात्रा प्रबंधन अधिक पारदर्शी और सुचारू हुआ है। उप निदेशक पर्यटन एवं नोडल चार धाम यात्रा कंट्रोल अमित लोहनी ने बताया कि आगामी मानसून के मध्य नजर चार धाम यात्रा को सरल सुगम व सुखद बनाने के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के कार्यालय में 24 घंटे का कॉल सेंटर रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य है कि चार धाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालु अपने पंजीकरण की व्यवस्था के साथ यात्रा मार्ग पर अन्य व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय तक 45 हज़ार से अधिक कॉल प्राप्त की जा चुकी है। साथ ही उनके सफल निस्तारण भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कॉल सेंटर में जो भी शिकायत आ रही है उन्हें हम संबंधित विभागों के साथ भी साझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा दिया जा रहा पूर्वानुमान के अनुसार हम चार धाम यात्रा में पंजीकरण करा चुके यात्रियों को व्हाट्सएप के माध्यम से मौसम का अपडेट भी दे रहे हैं।

# सतीश उपाध्याय ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष का पदभार संभाला, नए सदस्यों ने ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सतीश उपाध्याय ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष के रूप में मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। वहीं विधायक अजय महावर, मनोज शौकीन और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल ने डीजेबी के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, डीजेबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सज्जन सिंह यादव, सदस्य (वित्त) अमन गुप्ता सहित कई गण्यमान्य उपस्थित रहे। सभी ने उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय और अन्य सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व के मार्गदर्शन में डीजेबी राजधानी में जल आपूर्ति, सीवरेज प्रबंधन और नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि डीजेबी का गठन 30 मार्च 1998 को किया गया था, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जल आपूर्ति, अपशिष्ट जल/सीवेज के संग्रहण, उपचार और निपटान के लिए उत्तरदायी है। इससे पूर्व, उपरोक्त कार्य दिल्ली जल आपूर्ति एवं सीवेज निपटान उपक्रम के अधीन थे।

# संक्षिप्त समाचार

## कपूरथला में जनगणना 2027 का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न, 1,254 गणनाकारों ने किया घर-घर सर्वे

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला के जिला उपायुक्त आकाश बंसल ने मंगलवार को बताया कि जिला प्रशासन ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना' को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह अभियान 16 मई से 13 जून 2026 तक जिले भर में चलाया गया। उपायुक्त ने बताया कि इस व्यापक घर-घर सर्वेक्षण के लिए जिले में 1,254 गणनाकार (एन्यूमरेटर) तैनात किये गये थे। सर्वेक्षण को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए जिले में कुल 1,269 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाये गये, जिन्हें अलग-अलग गणनाकारों को सौंपा गया था। प्रत्येक छह गणनाकारों के समूह की निगरानी के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था, ताकि कार्य की सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। श्री बंसल ने कहा कि हाउस लिस्टिंग अभियान जनगणना की आधारशिला है। इसके तहत 33 प्रमुख मानकों पर आधारित प्रश्नावली के माध्यम से आवासीय स्थिति, घरेलू सुविधाओं और संपत्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की गयी। उन्होंने बताया कि गणनाकारों ने मकानों की संरचना और स्थिति, पेयजल, बिजली, स्वच्छता सुविधाओं और खाना पकाने के ईंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, मकान के स्वामित्व और परिवार की संरचना संबंधी जानकारी दर्ज की। इसके अलावा मोबाइल फोन, इंटरनेट कनेक्टिविटी, वाहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित आंकड़े भी एकत्र किये गये।

## निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखना अनिवार्य : बंसल

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला के जिला उपायुक्त आकाश बंसल ने मंगलवार को जिले में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को पहली कक्षा में कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखना अनिवार्य होगा। श्री बंसल ने स्पष्ट किया कि इन बच्चों के प्रवेश के समय किसी प्रकार की अतिरिक्त फीस नहीं ली जा सकती और न ही बच्चों या उनके अभिभावकों का कोई साक्षात्कार अथवा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा सकती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और पंजाब सरकार के नियमों के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है।

## अमृतसर में रात 10 से दो बजे तक सफाई अभियान शुरू

**अमृतसर।** पंजाब सरकार के 'मिशन क्लीन पंजाब' को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मंगलवार सुबह एक बजे अमृतसर के वॉल्ड सिटी क्षेत्र का दौरा कर नव शुरू किये गये रात्रिकालीन सफाई अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री बैंस ने कहा कि अमृतसर केवल एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आस्था का केंद्र है। उन्होंने बताया कि पहली बार शहर में रात 10 बजे से देर रात दो बजे तक विशेष सफाई शिफ्ट चलाई जा रही है, ताकि श्री हरिमंदिर साहिब में अमृत वेले दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

## वेटरनरी यूनिवर्सिटी आईआईआरएफ रैंकिंग में देश की दूसरी सर्वश्रेष्ठ राज्य पशु चिकित्सा यूनिवर्सिटी बनी

**लुधियाना।** गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी (वेट वर्सिटी) ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ ) रैंकिंग-2026 में लगातार दूसरे वर्ष देश की राज्य स्तरीय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को पशु चिकित्सा एवं मत्स्य पालन क्षेत्र की सभी संस्थाओं में राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान मिला है। यह उपलब्धि पशु चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार सेवाओं के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता को दर्शाती है। विश्वविद्यालय पशु स्वास्थ्य, पशुधन उत्पादन, डेयरी, मत्स्य पालन तथा संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

## पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय शिक्षण संस्थाओं ने मचाई धूम

**पौड़ी गढ़वाल।** जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के नाम रही जिसमें प्राइमरी, जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्राइमरी वर्ग में किसी भी प्रांत के लोक नृत्य के अंतर्गत कुल छः शिक्षण संस्थाओं की प्रतिभागिता रही जिसमें पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पौड़ी ने राजस्थानी लोकनृत्य चाँद सरी सो मुखड़ों झूमर की बेहतरीन प्रस्तुति दी। ब्राइट स्टार ने हरियाणवी लोक नृत्य मै तेरे लाड़े लगीया, बी आर एम एस राजस्थानी देखो ढोल नगाड़े , सरस्वती शिशु मंदिर ने राजस्थानी चौमासो लागो रे, राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नंबर 5 ने राजस्थानी लोकनृत्य बालम पधारों माहरे देश और हिल इंटरनेशनल ने राजस्थानी लोकनृत्य होलिया में उड़े रे गुलाल की शानदार प्रस्तुतियां दी। जूनियर वर्ग में प्रॉप डांस के अंतर्गत आठ टीमों की प्रतिभागिता रही जिसमें बी आर एम एस ने पांडव वार्ता जागर, पी एम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पौड़ी ने राजस्थानी पीतल की मोरी गागरी, ब्राइट स्टार ढोल बाजे, हिल इंटरनेशनल आई पंचमी माउ की, डी ए वी इंटर कॉलेज , आदर्श मॉडल स्कूल प्रेमनगर, सरस्वती विद्या मंदिर विकास मार्ग की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। सीनियर वर्ग में उत्तराखंड के लोक नृत्य के अंतर्गत नौ टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें सेंट थॉमस स्कूल ने सब्से मेरा मोतिया बल्दा की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। राजकीय इंटर कालेज पौड़ी (बालक) ने रेमासी को फूल, पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पौड़ी ने मेरी गाजणा, बी आर मॉडर्न छौलिया नृत्य रानी रुमल मा, डी ए वी नंदा राजजात, विद्या मंदिर तिमली धनुली तीले धारू बोला, पी, श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पौड़ी पांडव नृत्य, मैसमोर इंटर कॉलेज पांडवों द्वारा शिव स्तुति और हिल्स इंटरनेशनल ने भी शानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में डा कुसुम भट्ट, प्रमेंद्र नेगी और प्रशांत गागोडीया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव को अगले वर्ष से राजकीय उत्सव के रूप मे मनाए जाने की माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आयोजन के सफल तरीके से संयोजन के लिए पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी की सराहना की।

# साइबर ठगों को बैंक खाते सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 10 आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। पूर्वी जिला साइबर थाना पुलिस ने देशभर में साइबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 11 पीओएस मशीनें, 27 चेक बुक, 17 एटीएम कार्ड और 12 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी का झांसा देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और बाद में इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने में करता था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विजय कुमार (31), प्रदीप कुमार (42), यतेंद्र कुमार (23), मुकेश (24), विनेश (37), गुरबाज सिंह (27), अमन (27), सूरज यादव (24), गौरव नाहर (22) और लक्ष्मण (33) के रूप में हुई है। आरोपित दिल्ली, हरियाणा और उप्र के विभिन्न इलाकों के रहने वाले हैं। पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में साइबर थाना पूर्वी जिले में एफआईआर संख्या 49/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112(2) और 318(4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले का खुलासा उस समय हुआ जब केरल निवासी एक महिला से साइबर ठगी कर दो लाख रुपये की रकम हड़प ली गई। जांच में पता चला कि ठगी की यह रकम यस बैंक के एक खाते में जमा कराई गई थी। वित्तीय लेनदेन की जांच के दौरान सामने आया कि संबंधित बैंक खाता एक ''म्यूल अकाउंट'' था, जिसका इस्तेमाल साइबर अपराध से अर्जित रकम को प्राप्त करने और आगे विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। मामले की जांच के लिए महिला उपनिरीक्षक रिंकी, हेड कांस्टेबल कुलदीप, हेड कांस्टेबल पारस और महिला हेड कांस्टेबल पूनम की टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की जांच, मोबाइल फोन डेटा विश्लेषण और फील्ड वेरिफिकेशन किया। जांच के दौरान खाते के धारक योगेंद्र कुमार, निवासी जनकपुरी से पूछताछ की गई। योगेंद्र ने बताया कि उसकी मुलाकात विजय नामक व्यक्ति से हुई थी, जिसने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे बैंक खाता खुलवाया था। बाद में उसे पता चला कि खाते का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम जमा करने में किया जा रहा है। इसके बाद उसने गिरोह से दूरी बना ली। पुलिस ने उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे पाबंद किया। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया और एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम कर रहा था। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह बेरोजगार युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी और आसान कमाई का लालच देता था। इनके नाम पर बैंक खाते खुलवाने के बाद आरोपी खाते की पूरी जानकारी, एटीएम कार्ड, चेक बुक, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा अपने कब्जे में ले लेते थे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने चलाईं 30 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने 16 एवं 17 जून को 30 से अधिक परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। रेलवे के अनुसार परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण रेलखंडों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। रेलवे ने बताया कि इससे पहले 14 जून को आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान भी अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कुल 19 परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं, जिनमें दानापुर मंडल द्वारा 12 तथा समस्तीपुर मंडल द्वारा 7 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया था। दूसरे चरण के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेनों में पाटलिपुत्र-किशनगंज, पटना-नरकटियागंज, पाटलिपुत्र-अररिया, पाटलिपुत्र-नौगछिया, पटना-भभुआ, पटना-गया, बक्सर-पटना, बक्सर-दानापुर, किऊल-गया, गया-किऊल, बख्तियारपुर-राजगीर, राजगीर-बख्तियारपुर, बेतिया-हाजीपुर, समस्तीपुर-सीवान, सहरसा-हाजीपुर तथा अन्य प्रमुख मार्ग शामिल हैं।

# बठिंडा में सड़क हादसा, कार से घर जा रही महिला पुलिस इंस्पेक्टर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। बठिंडा-मानसा रोड पर गुरुद्वारा तित्तरसर साहिब के नजदीक मंगलवार तड़के सड़क हादसे में महिला थाना मानसा की एसएचओ इंस्पेक्टर बेअंत कौर की मौत हो गई। उस समय वह अपनी कार से ड्यूटी से घर लौट रही थीं। पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर बेअंत कौर की कार आगे जा रही तूड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर के बाद कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के कारण कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, जबकि कार की छत भी दब गई और बॉडी कई जगह से मुड़ गई। कार के शीशे टूट गए और दरवाजों सहित पिछला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किए, लेकिन इंस्पेक्टर बेअंत कौर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना मौड़ की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल बठिंडा भेज दिया। इसके साथ ही हादसे वाली जगह से साक्ष्य जुटाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इंस्पेक्टर बेअंत कौर वर्तमान में महिला पुलिस थाना मानसा में एसएचओ के पद पर तैनात थीं। वह बठिंडा जिले के गांव जंगीराणा की रहने वाली थीं, जबकि उनका विवाह गांव मैसरखाना में हुआ था। उनके परिवार में पति और दो छोटे बच्चे हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और परिचितों ने उन्हें मेहनती, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील अधिकारी बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया।

# फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दिल्ली पुलिस ने 12 लोगों को सुरक्षित निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय थाना क्षेत्र स्थित राजू पार्क में सोमवार देर रात एक मकान में फ्रिज में हुए शॉर्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई। आग दूसरी मंजिल से शुरू होकर देखते ही देखते तीसरी मंजिल तक फैल गई। हादसे के समय दोनों मंजिलों पर कई लोग फंसे हुए थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस और दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, सोमवार रात 11 बजकर 5 मिनट पर राजू पार्क स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। शुरुआती दौर में दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। हालांकि, आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में तीन और गाड़ियों को रवाना किया गया। करीब छह दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूसरी मंजिल पर रखे फ्रिज में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद कंप्रेशर में धमाका हो गया। धमाके के साथ आग तेजी से पूरे फ्लोर में फैल गई और कुछ ही देर में तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही नेब सराय थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। उस समय मकान की दूसरी और तीसरी मंजिल पर बच्चे, महिलाएं और पुरुष फंसे हुए थे। पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। कुछ लोगों को रस्सी के सहारे बालकनी से बाहर निकाला गया, जबकि कुछ को पड़ोसी मकानों की छतों के जरिए सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों का आईआईटी मद्रास में सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण के लिए चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। कुमाऊँ विश्वविद्यालय को पीएम-उषा योजना के अंतर्गत मल्टीडिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (मेरु) का दर्ज़ा मिलने के बाद विद्यार्थियों के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम-उषा के सेमीकंडक्टर स्किलिंग कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में आयोजित दो सप्ताह के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी, चिप निर्माण, डिजाइन, परीक्षण तथा उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन पहल से भी जुड़ा है, जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाना है। वर्तमान में सेमीकंडक्टर उद्योग दुनिया के सबसे तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी क्षेत्रों में शामिल है, जहां भविष्य में रोजगार और उद्यमिता की व्यापक संभावनाएं हैं। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आईआईटी मद्रास में प्राप्त यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाएगा तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार एवं करियर के नए अवसर प्रदान करेगा। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत से प्रत्यक्ष परिचय मिलने के साथ तकनीकी कंपनियों, विनिर्माण इकाइयों और स्टार्टअप्स में बेहतर संभावनाएं प्राप्त होंगी।

# छातापुर में सहयोग शिविर आयोजित,सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सरकार की प्राथमिकता: प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के मंत्री सह सुपौल जिले के प्रभारी मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को छातापुर प्रखंड के रामपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया, लाभुकों से सीधे संवाद किया और अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, भूमि विवाद और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर इसी सोच का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से लोगों का समय और संसाधन दोनों बच रहे हैं, साथ ही प्रशासन और जनता के बीच संवाद भी मजबूत हो रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहकर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं और लोगों को आवश्यक जानकारी व सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी हासिल की। मंत्री ने अंत में अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करने और किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने देने के निर्देश दिए।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063